


# रेलवे और SSC परीक्षाओं के लिए

## सितम्बर माह 2018 की करंट अफेयर्स पीडीएफ

द्वारा संचालित :

ग्रेडअप



# मंथली डाइजेस्ट

## सितम्बर-2018

प्रिय पाठकों,

यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट सितम्बर 2018 में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल सभी S.S.C. और **रेलवे परीक्षाओं** के लिए महत्वपूर्ण है।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड की 7वीं बैठक **नई दिल्ली में** आयोजित की गई।
   **नोट:** आयुष मंत्रालय के **राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड** (एन.एम.पी.बी) की सातवीं बैठक नई दिल्ली में आयुष राज्य मंत्री श्री **श्रीपद येसो नाइक** की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बोर्ड ने बैठक में अपने समक्ष विचार के लिए रखे गए विभिन्न एजेंडों पर विचार किया।
2. भारत (**रक्सौल**)और नेपाल (**काठमांडू**) के बीच बड़ी रेल लाइन पर प्रारंभिक इंजीनियरिंग के साथ यातायात सर्वेक्षण पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
   **नोट:** कोंकण रेलवे निगम लिमिटेड को नेपाल सरकार के परामर्श से नई रेल लाइन के लिए प्रारंभिक इंजीनियरिंग के साथ यातायात सर्वेक्षण सौंपा गया है। भारत और नेपाल अप्रैल 2018 में, भारत के सीमावर्ती शहर रक्सौल को काठमांडू से जोड़ने के लिए भारत के वित्तीय समर्थन के साथ एक नई विद्युतीकृत रेल लाइन बनाने पर सहमत हुए थे।
3. ICT-IOT आधारित समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला के निर्माण को निर्धारित करने वाले अग्रणी स्टार्टअप और मूल उपकरण निर्माताओं (ओ.ई.एम) के साथ समझौतों पर **आई.टी.आई लिमिटेड ने** हस्ताक्षर किए।
   **नोट:** इनमें असैन्य और सैन्य उन्नत रडार प्रणाली, उन्नत एज राउटर सिस्टम, अगली पीढ़ी के 5G प्रौद्योगिकी उत्पाद, डाटा स्टोरेज और नेटवर्किंग सॉल्यूशन, डिजिटल सिक्योरिटी सॉल्यूशन, एडवांस्ड मीटरींग सॉल्यूशन, और वाई-फाई उत्पाद और समाधान शामिल हैं।
4. केंद्रीय विमानन मंत्री सुरेश प्रभु ने अंतर्राष्ट्रीय विमानन शिखर सम्मेलन का उद्घाटन **नई दिल्ली में** किया।
   **नोट:** सेमिनार का अयोजन भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नागरिक उड्डयन मंत्रालय और अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आई.ए.टी.ए) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने विजन 2035 पेश किया है जिसके तहत 60 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ अगले 10-15 वर्षों में पूरे भारत में 100 नए हवाई अड्डों का निर्माण करने की योजना है।
5. पहली भारत-अमेरिका '2+2' वार्ता **नई दिल्ली में** आयोजित की गई।
   **नोट: सुषमा स्वराज** (विदेश मंत्री) और **निर्मला सीतारमण** (रक्षा मंत्री), **माइकल पोम्पिओ** (अमेरिकी विदेश सचिव) और **जेम्स मैटिस** (अमेरिकी रक्षा सचिव) के बीच वार्ता का दौर जारी है। व्यापार में वृद्धि, आतंकवाद का मुकाबला करने के तरीके और H1B वीज़ा कार्यक्रम में बदलाव करने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर भारत की चिंताओं के मुद्दे इस वार्ता का केंद्र होंगे। श्री पोम्पिओ और श्री मैटिस संयुक्त रूप से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे।



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

6. द्विवार्षिक बेंगलुरु स्पेस एक्सपो के छठे संस्करण का उद्घाटन किसने किया -- **डॉ. के. शिवान।**
**नोट:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन छोटे उपग्रहों के साथ पी.एस.एल.वी और लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान के निर्माण का कार्य निजी उद्योगों को देना चाहता है। पी.एस.एल.वी लॉन्च वाहन के निर्माण के लिए 10,400 करोड़ रुपए की धनराशि निर्धारित की गई है, जिसमें से 9000 करोड़ रुपए का उत्पादन कार्य निजी उद्योगों को दिया जाएगा।फ्रांस भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के लिए अंतरिक्ष में उपयोग की जाने वाली दवाएं प्रदान करेगा जो भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान का हिस्सा होंगे।
7. सर्वोच्च न्यायालय ने **समलैंगिक संबंध को** अपराध मानने वाली धारा 377 को आंशिक रूप से समाप्त किया।
**नोट:** न्यायालय ने आई.पी.सी की धारा 377 के सहमति पूर्ण अप्राकृतिक यौन संबंध को अपराध मानने वाले भाग को तर्कहीन, असमर्थहीन और साफ तौर पर एकपक्षीय माना है।सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, जानवरों और बच्चों के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध से संबंधित धारा 377 के अन्य पहलु लागू रहेंगे।
8. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय शहरों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नई दिल्ली में शुरू किया गया भारत का पहला वैश्विक गतिशीलता शिखर सम्मेलन -- **मूव (MOVE)।**
**नोट:** शिखर सम्मेलन का उद्देश्य गतिशीलता के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूकता फैलाना और विभिन्न प्लेटफार्मों में गतिशीलता को बढ़ाने में शामिल विभिन्न हितधारकों को साथ लाना है।वैश्विक गतिशीलता शिखर सम्मेलन का आयोजन नीति आयोग द्वारा किया जा रहा है।
9. केंद्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने तीन दिवसीय रक्षा एवं गृहभूमि सुरक्षा प्रदर्शनी और सम्मेलन - 2018 का उद्घाटन **नई दिल्ली में** किया।
**नोट:** सम्मेलन का आयोजन पी.एच.डी चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा **सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय** (एम.एस.एम.ई) के सहयोग से किया गया।
10. **भारत** और **श्रीलंका** के बीच संयुक्त श्रीलंका के ट्रिंकोमाली में आयोजित नौसेना अभ्यास -- **'SLINEX-2018'**
**नोट:** इससे पहले, SLINEX अभ्यास दो वर्षों में एक बार आयोजित किया जाता था लेकिन इस वर्ष से इसे वार्षिक अभ्यास बना दिया गया है।श्रीलंका वायु सेना के सैनिक पहली बार अभ्यास में भाग लेंगे।
11. रेल मंत्रालय एवं रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सी.आर.आई.एस) ने **नई दिल्ली में** एक सेमिनार आयोजित किया।
**नोट:** श्री गोयल ने 'भारतीय रेलवे ई-खरीद प्रणाली' (आई.आर.ई;पी.एस) के लिए एक नया ऐप - **"आपूर्ति"** (AAPOORTI) मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया। यह ऐप भारतीय रेलवे की ई-निविदा और ई-नीलामी से संबंधित गतिविधियों से संबंधित जानकारी और डेटा प्रदान करता है।
12. रक्षा मंत्रालय (एम.ओ.डी) के अनुसार, एयरो इंडिया का 2019 संस्करण **बेंगलुरू, कर्नाटक में** आयोजित किया जाएगा।
**नोट:** इस कार्यक्रम में पब्लिक एयर शो के साथ एयरोस्पेस और रक्षा उद्योगों के लिए एक प्रमुख व्यापार प्रदर्शनी शामिल होगी।
13. केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने नई दिल्ली में देश का पहला कौन सा राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल मोबाइल ऐप लॉन्च किया -- **एन.एस.पी मोबाइल ऐप।**
**नोट:** यह पोर्टल गरीब एवं कमजोर वर्गों के छात्रों के लिए एक सहज, सुलभ और परेशानी रहित छात्रवृत्ति व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। सभी छात्रवृत्तियां प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण मोड के तहत जरूरतमंद छात्रों के बैंक खातों में सीधे स्थानांतरित की जा रही है, जिसने प्रतिलिपिकरण पर रोक लगेगी।



FREE MOCK TEST for RRB Group D
ATTEMPT NOW

14. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर में इमाम हुसैन की शहादत के किस स्मरणोत्सव में भाग लिया-- **अशरा मुबारक।**
**नोट:** प्रधान मंत्री दाऊदी बोहरा समुदाय के 53वें धार्मिक प्रमुख **सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन** से भी मिले।डॉ. सैफुद्दीन इंदौर में सैफी नगर मस्जिद में नौ दिवसीय के धार्मिक प्रवचन आयोजित कर रहे हैं।
15. **स्वदेश दर्शन योजना** के तहत देश की पहली जनजातीय सर्किट पर्यटन परियोजना का उद्घाटन **छत्तीसगढ़** राज्य स्थित गंगरेल शहर में किया गया।
**नोट:** इसमें छत्तीसगढ़ में 13 क्षेत्र शामिल हैं जो जैशपुर, कुनकुरी, मैनपट, कमलेशपुर, महेशपुर, कुरदार, सरोधादादर, गंगरेल, कोंडागांव, नाथिया नवागांव, जगदलपुर, चित्रकूट और तीरथगढ़ हैं।इस योजना के जनजातीय सर्किट विषय के तहत मंत्रालय ने नागालैंड, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ को 380 करोड़ रुपये की 4 परियोजनाएं मंजूर की हैं।मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छह हजार करोड़ रुपये की 74 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।
16. केंद्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने भारत की 6वीं इंटरनेशनल जेरियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सोसाइटी ऑफ इंडिया कांफ्रेंस का उद्घाटन **अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में** किया।
**नोट:** सम्मेलन का विषय "Increased Longevity with Reduced Fragility and Enhanced Mobility" है।इस योजना के तहत सरकार गरीब और जरूरतमंद लोगों और उनके परिवारों, विशेष रूप से बुजुर्गों को सर्व-जन स्वास्थ्य बीमा के साथ किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगी।
17. केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने चौथा विश्व प्रमाणन शिखर सम्मेलन (WOSA-2018) का उद्घाटन **नई दिल्ली में** किया।
**नोट:** विश्व प्रमाणन शिखर सम्मेलन (WOSA) एन.बी.ए द्वारा आयोजित एक द्विवार्षिक शिखर सम्मेलन है, जो हितधारकों को प्रमाणन पर उनके ज्ञान और जानकारी को साझा करने के लिए मंच प्रदान करता है।WOSA 2018 का ध्यान "परिणाम आधारित प्रमाणन में चुनौतियां और अवसर" (CHALLENGES AND OPPORTUNITIES IN OUTCOME BASED ACCREDITATION) पर केंद्रित है।
18. राष्ट्रीय रेल एवं परिवहन संस्थान (एन.आर.टी.आई) ने कहां पर परिचालन शुरू किया -- **वडोदरा।**
**नोट:** यह देश के परिवहन क्षेत्र में अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय है। कुल 103 छात्रों ने इस अनूठे संस्थान का पहला बैच बनाया। इस वर्ष यह दो यू.जी. कोर्स के साथ शुरू हुआ है।
19. रेल एवं कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल ने वेब पोर्टल www.railsahyog.in. लॉन्च किया।
**नोट:** वेब पोर्टल कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कोष के माध्यम से रेलवे स्टेशनों के पास/निकट सुविधाओं के निर्माण में योगदान हेतु कॉर्पोरेट और पी.एस.यू के लिए एक मंच प्रदान करेगा।
20. सैमसंग ने हाल ही में अपना सबसे बड़ा अनुभव केंद्र **बेंगलुरु में** खोला।
**नोट:** इससे पहले जुलाई, 2018 में नोएडा में विश्व का सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माण कारखाना खोला गया था।ओपेरा हाउस (33,000 वर्ग फीट प्रतिष्ठित भवन) को सैमसंग के मोबाइल उपकरणों और अन्य उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक नया रूप दिया गया है। ग्राहक 4D स्वे चेयर (sway chair) या व्हाइप्लाश पल्सर 4D चेयर जो 360 डिग्री त्रि-आयामी घूमने में सक्षम है पर वी.आर. एक्सपीरियंस का आनंद ले सकेंगे।
21. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशव्यापी **'स्वच्छता ही सेवा अभियान' प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने** लॉन्च किया।
**नोट:** अभियान का उद्देश्य लोगों को संगठित करना और **महात्मा गांधी** के स्वच्छ भारत के सपने में योगदान देने के लिए स्वच्छता हेतु सार्वजनिक गतिविधि को सुदृढ़





बनाना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 29 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले **महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन** के साथ समाप्त हो जाएगा। 10 लाख से अधिक पंजीकृत चिकित्सक स्थानीय स्वच्छता क्लीनिक आयोजित करेंगे और नौ लाख आशा कार्यकर्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वच्छता अभियान आयोजित करेंगी।

**22.** श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से दो ब्रिटिश पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों **'NovaSAR** और **'S1-4'** के साथ ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन (पी.एस.एल.वी) C 42 का सफल प्रक्षेपण **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने** किया।

**नोट:** पहले लॉन्च पैड से प्रक्षेपण के 17 मिनट से कुछ समय बाद उपग्रहों को सूर्य के समकालिक कक्षा में स्थापित कर दिया गया था। रविवार को दो ब्रिटिश उपग्रहों के सफल प्रक्षेपण के साथ, भारत द्वारा प्रक्षेपित विदेशी उपग्रहों की कुल संख्या 239 तक हो गई है।

**23.** केंद्रीय गृह मंत्री **राजनाथ सिंह** ने **जम्मू में भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा** के समानांतर **'स्मार्ट फेंसिंग'** की आरंभिक परियोजना का उद्घाटन किया।

**नोट:** 'स्मार्ट फेंसिंग' की विशेषताओं से आतंकवादियों के लिए इसे भेदकर भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करना असंभव हो जाएगा, जिसे जम्मू में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के किनारे दो स्थानों पर स्थापित किया गया है।

**24.** प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** और **शेख हसीना** (बांग्लादेश की प्रधान मंत्री) ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम **से पाइपलाइन परियोजना** के निर्माण को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाई।

**नोट:** 130 किलोमीटर की यह पाइपलाइन सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल-भारत) और परबतीपुर (बांग्लादेश के दीनाजपुर जिले) को जोड़ेगी। परियोजना की अनुमानित लागत 346 करोड़ रुपये होगी और यह 30 महीने के समय में पूरी हो जाएगी।यह परियोजना 510 किलोमीटर दूरी की रेल द्वारा डीजल भेजने की मौजूदा व्यवस्था को प्रतिस्थापित करेगी।

**25.** **रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन** (डी.आर.डीओ) ने स्वदेश विकसित सतह से सतह मार करने वाली मिसाइल **'प्रहार'** का सफल परीक्षण किया।

**नोट:** 'प्रहार' एक आधुनिक हथियार प्रणाली है जो कई तरह के हथियारों को ले जाने और विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों को ध्वस्त करने में सक्षम है। 'प्रहार' मल्टी-बैरल रॉकेट सिस्टम **'पिनाका'** और मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल **'पृथ्वी'** के बीच के अंतर को भरने में सक्षम है।

**26.** भारत और श्रीलंका ने **दांबुला में** तापमान नियंत्रित गोदाम के निर्माण हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** **भारत** और **श्रीलंका** ने मध्य प्रांत के **दांबुला** में 5000 मीट्रिक टन तापमान नियंत्रित गोदाम (फल और सब्जियों के लिए) के निर्माण हेतु समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर हस्ताक्षर किए हैं।गोदाम का निर्माण 30 करोड़ श्रीलंकाई रुपये की भारतीय अनुदान सहायता से किया जाएगा।

**27.** राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने राष्ट्रपति भवन में **महात्मा गांधी** की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में लोगो एवं वेब पोर्टल **https: //gandhi.gov.in.** लॉन्च किया है।

**नोट:** कलर गाइड के साथ लोगो का डिज़ाइन **https://gandhi.gov.in** की वेबसाइट पर उपलब्ध है।लोगो की ब्रांडिंग रेलवे, एयर इंडिया एयरक्राफ्ट, राज्य रोडवेज बसों, सरकारी वेबसाइटों, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के अलावा सरकारी विज्ञापन में की जाएगी।नए वेब पोर्टल की मुख्य विशेषताएं विभिन्न क्षेत्रों के आगंतुकों की पहचान करना और व्यक्तिगत जानकारी प्रदान करना है।

**28.** केंद्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल ने **नई दिल्ली में** 'पहले' भारत पर्यटन मार्ट 2018 का उद्घाटन किया।

**नोट:** भारत पर्यटन मार्ट का आयोजन फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन इन इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी (एफ.ए.आई.टी.एच) के साथ साझेदारी और राज्य/केंद्र



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

शासित प्रदेशों के समर्थन से पर्यटन मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

29. केंद्रीय गृह सचिव **राजीव गौबा** ने सुरक्षा संबंधी मंजूरी के लिए ऑनलाइन पोर्टल **'ई-सहज'** लॉन्च किया।
**नोट:** ऑनलाइन पोर्टल एक आवेदक को अपने आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और समय-समय पर अपने आवेदन की स्थिति देखने में सुविधा प्रदान करेगा। प्रक्रिया के मानकीकृत होने से कार्य में तेजी, पारदर्शिता और निगरानी करने में आसानी होगी।

30. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केंद्र (आई.आई.सी.सी) की नींव **नई दिल्ली में** रखी।
**नोट:** यह केंद्र वित्तीय, अतिथि सत्कार और खुदरा सेवाओं जैसी सुविधाओं के साथ एक विश्व स्तरीय अत्याधुनिक प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र होगा। यह परियोजना इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्जीबीशन लिमिटेड द्वारा लागू की गई है और परियोजना की अनुमानित लागत 25,700 करोड़ रुपये है।

31. भारत ने **उत्तराखंड** राज्य के लिए विश्व बैंक के साथ 74 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।
**नोट:** परियोजना का उद्देश्य उत्तराखंड में प्राथमिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई.टी.आई) में प्रशिक्षण की गुणवत्ता और योग्यता में सुधार करना तथा अल्पकालिक प्रशिक्षण के माध्यम से श्रम-बाजार संबंधित श्रमिकों की संख्या में वृद्धि करना है।

32. **गृह मंत्रालय (एम.एच.ए)** और **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन** (इसरो) ने मंत्रालय में आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए एक अत्याधुनिक **एकीकृत नियंत्रण कक्ष** स्थापित करने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
**नोट:** इसरो प्रस्तावित ICR-ER की स्थापना के लिए अपनी तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करेगा जबकि प्रॉजेक्ट एम.एच.ए की निगरानी के तहत निष्पादित किया जाएगा।

33. रोमानिया **चेन्नई (भारत) में** एक वाणिज्य दूतावास खोलेगा।
**नोट:** यह निर्णय बुखारेस्ट में उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू और वियोरिका डैंसिला (रोमानिया की प्रधानमंत्री) के बीच एक बैठक में लिया गया।रोमानिया संतुलित परिणामों के साथ भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के शुरुआती निष्कर्ष पर बातचीत पुन: शुरु करने के लिए नेतृत्व करेगा।

34. मध्य प्रदेश को अवसंरचना परियोजनाओं के लिए 525 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण की मंजूरी **नया विकास बैंक (एन.डी.बी) ने** दी।
**नोट:** एन.डी.बी के निदेशक मंडल ने मध्य प्रदेश की मुख्य जिला रोड परियोजना II के लिए 350 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 350 पुलों के निर्माण और विकास के लिए 175 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण को मंजूरी दी।

35. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र के प्रमुख 'आयुष्मान भारत-राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरक्षण मिशन' (ए.बी.-एन.एच.पी.एम) को **रांची, झारखंड** में लॉन्च किया।
**नोट:** इस योजना के तहत, हर वर्ष 10 करोड़ से अधिक परिवारों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा। यह योजना **पंडित दीनदयाल उपाध्याय** की जयंती पर **25 सितंबर** से शुरू हो जाएगी। इस योजना के तहत लाभार्थी को देश भर के किसी भी सार्वजनिक/निजी सूचीबद्ध अस्पतालों से नकद रहित लाभ लेने की अनुमति दी जाएगी।

36. केन्द्रीय संसदीय मामलों के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने **राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (NeVA)**विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यशाला (National Orientation workshop) का उद्घाटन किया।
**नोट:** यह डिजिटल मध्यवर्ती पारदर्शिता, जवाबदेही में वृद्धि करने और सदन के कामकाज में भ्रष्टाचार को कम करने का एक बड़ा कदम है।NeVA एक सदस्य केंद्रित, विकेन्द्रीकृत डिजिटल एप्लिकेशन है जो डिजिटल



FREE MOCK TEST for RRB Group D
ATTEMPT NOW

प्लेटफॉर्म पर विधान सभाओं के कामकाज के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

37. दूरसंचार कंपनी **बी.एस.एन.एल** ने भारत में 5G और इंटरनेट ऑफ थिंग प्रौद्योगिकी शुरू करने के लिए जापान के सॉफ्टबैंक और एन.टी.टी कम्युनिकेशन के साथ एक समझौता किया है।
**नोट:** सॉफ्टबैंक के साथ समझौते के तहत, बी.एस.एन.एल जापानी कंपनी के साथ अपने उपग्रह समूहों के लिए सहयोग करने पर विचार करेगा।बी.एस.एन.एल ने 5G पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए नोकिया और सिस्को के साथ भी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

38. केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने वित्तीय समावेशन (एफ.आई) पहल के एक भाग के रूप में कौन सा मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया है -- **जन धन दर्शक।**
**नोट:** यह ऐप देश में किसी दिए गए स्थान पर वित्तीय सेवा संपर्क केंद्र का पता लगाने में आम लोगों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेगा।वित्तीय सेवा विभाग (डी.एफ.एस), वित्त मंत्रालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एन.आई.सी) ने संयुक्त रूप से इस ऐप को वित्तीय समावेशन पहल के एक भाग के रूप में विकसित किया है।जन धन दर्शक ऐप बैंकों और डाकघर जैसे सभी प्रदाताओं पर वित्तीय सेवा संपर्क केंद्रों का पता लगाने के लिए  नागरिक केंद्रित मंच प्रदान करने वाला एक अद्वितीय स्थान होगा।

**39.** बहु-श्रृंखला वित्त पोषण सुविधा (एम.एफ.एफ) के लिए 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक के वित्त पोषण को **एशियाई विकास बैंक (ए.डी.बी)** ने मंजूरी दी।
**नोट:** यह तमिलनाडु के कम से कम 10 शहरों में जलवायु-तन्यक जल आपूर्ति, सीवरेज और जल निकासी अवसंरचना विकसित करेगा। प्रायोगिक आधार पर देश का पहला सौर-संचालित सीवेज उपचार संयंत्र भी इसी कार्यक्रम का भाग होगा।ए.डी.बी कार्यक्रम पानी और स्वच्छता के लिए व्यापक पहुंच प्रदान करने और उच्च प्रदर्शन वाले औद्योगिक गलियारों में विश्व स्तरीय शहरों को विकसित करने हेतु राज्य के 'विज़न तमिलनाडु 2023' को प्रोत्साहित करने के भाग के रूप में इन क्षेत्रों में प्रत्यक्ष सहायता प्रदान करेगा।

**40.** श्री अरुण गोयल (सचिव, संस्कृति मंत्रालय) ने **नई दिल्ली** पर स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय में प्रदर्शनी 'भारत - उजबेकिस्तान: संस्कृति वार्ता' का उद्घाटन किया।
**नोट:** प्रदर्शनी दर्शकों को दो महान राष्ट्रों की ऐतिहासिक विरासत दिखाने के लिए प्राचीन उजबेकी पांडुलिपियों का प्रदर्शन करेगी।प्रदर्शनी उजबेकिस्तान गणराज्य के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियॉयेव की भारत गणराज्य की राष्ट्रीय यात्रा पर समर्पित थी।

**41.** राष्ट्रपति कोविंद ने **भारतीय चिकित्सा परिषद** के संचालन के लिए एक समिति गठित करने के अध्यादेश को मंजूरी दी।
**नोट:**अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि जब तक एक नई परिषद का पुनर्निर्माण नहीं होता एम.सी.आई के कार्यों के लिए बोर्ड गठित किया जाएगा।इससे पहले, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अध्यादेश को मंजूरी दे दी थी।

**42.** उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने तीन दिवसीय 'स्मार्ट सिटी एक्सपो इंडिया-2018' का उद्घाटन **जयपुर, राजस्थान में** किया।
**नोट:** इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विभिन्न विशेषज्ञों और समूहों के बीच चर्चा करना है ताकि नई तकनीक, शहर योजना, क्षमता प्रबंधन, सामाजिक-आर्थिक विकास के सामने आने वाली चुनौतियों और स्मार्ट सिटी क्षेत्र में नेटवर्किंग के विकास का लाभ उठाया जा सके। विभिन्न देशों के एम.एन.सी के लगभग 6000 प्रतिनिधि, शोधकर्ता, विभिन्न स्मार्ट शहरों के सी.ई.ओ, महापौर और कार्पोरेट एक्सपो में भाग ले रहे हैं।

**43.** स्वदेशी तकनीक से विकसित दृश्यता सीमा से बाहर हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल (बी.वी.आर.ए.एम) का पश्चिम बंगाल स्थित कलईकुंडा एयर फोर्स स्टेशन से



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

भारतीय वायु सेना के सुखोई एस.यू-30 विमान द्वारा सफल परीक्षण किया गया -- **अस्त्र मिसाइल।**

**नोट:** अस्त्र सर्वश्रेष्ठ हथियार प्रणाली में से एक है और बीस से अधिक विकास परीक्षणों से गुजर चुकी है।आई.ए.एफ के साथ रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा एक अत्याधुनिक BVRAAM के निर्माण के इस प्रयास ने हथियार प्रणाली के विकास चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया।हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने हथियार एकीकरण के लिए विमान के रुपांतरण में भूमिका निभाई।

44. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने **जोधपुर, राजस्थान में** आयोजित संयुक्त कमांडर सम्मेलन में **'पराक्रम पर्व'** का उद्घाटन किया है।

**नोट:** पराक्रम पर्व सर्जिकल स्ट्राइक की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया गया और यह जोधपुर सैन्य स्टेशन पर कोणार्क कोर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आम जनता सभी स्थानों पर सेल्फी लेने और उन्हें #ParakramParv के साथ सोशल नेटवर्किंग साइटों पर पोस्ट करने के लिए प्रोत्साहित दिखी।

## राज्य समाचार

1. गृह राज्य मंत्री **किरण रिजिजू** ने दिल्ली मूवेलो साइक्लोथॉन को कहां पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया -- **इंडिया गेट।**

   **नोट:**नौ किलोमीटर लंबी साइक्लोथॉन का लक्ष्य परिवहन के भविष्य और इस क्षेत्र में प्रौद्योगिकियों के विकास के बारे में जागरूकता फैलाना है।पहल मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों में भीड़ और वाहन प्रदूषण को रोकने पर केंद्रित है।

2. गृह मंत्रालय ने **गढ़वा** रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर **'भगवान कृष्ण'** के नाम पर करने के झारखंड सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

   **नोट:** राज्य सरकार ने प्रस्ताव दिया था कि रेलवे स्टेशन और नगर उंटारी कस्बे का नाम बदलकर बंशीधर मंदिर की तर्ज पर **बंशीधर नगर** रखा जाना चाहिए।राज्य सरकार शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शहर का विकास उत्तर प्रदेश के मथुरा और वृंदावन की तर्ज पर करना चाहती है।

3. केंद्रीय मंत्री **पीयूष गोयल** ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री **योगी आदित्यनाथ** के साथ लखनऊ में 2019 कुंभ मेले की आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च की -- **www.kumbh.gov.in**.

   **नोट:** वेबसाइट **www.kumbh.gov.in** स्थान, ट्रेनों, सुगम्यता, मौसम और आवास के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करती है जो तीर्थयात्रियों के लिए एक बड़ी सहायता होगी।यह तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को इलाहाबाद के संगम स्थित तटों पर आयोजित होने वाले कुंभ मेले (जनवरी, 2019 में), में भाग लेने में मदद करेगी।परंपरागत रूप से, चार मेले व्यापक रूप से कुंभ मेले के रूप में जाने जाते हैं: **हरिद्वार कुंभ मेला, इलाहाबाद कुंभ मेला, नासिक-त्रियंबकेश्वर सिंहस्थ,** और **उज्जैन सिंहस्थ।**

4. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आर.आई.डी.एफ) के तहत किस राज्य के लिए 335 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं -- **पश्चिम बंगाल।**

   **नोट:** इस निधि का उपयोग 158 लघु सिंचाई परियोजनाओं और 23 बाढ़ संरक्षण परियोजनाओं के लिए किया जाएगा।लघु सिंचाई परियोजनाओं से 20,506



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

हेक्टेयर में लाभ मिलने की उम्मीद है, जिसमें 22 जिलों के 699 गांवों की 3.09 लाख आबादी शामिल है।

5. असम राज्य सरकार ने एशियाई खेलों की पदक विजेता हिमा दास को राज्य का स्पोर्टस् एंबेसडर बनाया है।
 **नोट:** असम के मुख्यमंत्री **सर्बानंद सोनोवाल** ने गुवाहाटी में आयोजित एक समारोह में हिमा को 1.6 करोड़ रुपये का चेक सौंप दिया।हाल ही में संपन्न एशियाई खेलों में हिमा ने 3 पदक जीते हैं।

6. **लखनऊ** शहर के प्रसिद्ध **'हजरतगंज चौरहे'** का नाम बदलकर पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर **'अटल चौक'** रखा जाएगा।
 **नोट:** राज्य सरकार ने बटेश्वर (आगरा) में स्थित वाजपेयी के पैतृक आवास को स्मारक में बदलने और वहां एक पर्यटक स्थल विकसित करने की भी घोषणा की है।

7. **असम** राज्य सरकार वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने के लिए 1 लाख से अधिक पंप सेट वितरित करेगी।
 **नोट:** पंप सेट नाबार्ड की ग्रामीण अवसंरचना विकास परियोजना के तहत वितरित किए जाएंगे। 60 हजार डीजल पंप सेट, 11 हजार सौर एवं 30 हजार विद्युत संचालित पंप सेट वितरित किए जाएंगे और इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

8. पानीपत में 900 करोड़ रुपये से अधिक के व्यय के साथ एक **इथेनॉल संयंत्र** स्थापित करने के लिए **इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन** (आई.ओ.सी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाली **हरियाणा** सरकार है।
 **नोट:**यह पहल इथेनॉल के प्रति दिन 100 किलोलीटर की प्रस्तावित क्षमता के साथ फसल अवशेष का प्रबंधन करेगी और आगामी धान के मौसम से पहले पराली (सूखी घास) जलाने के कार्य को रोकेगी।समझौता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।

9. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री **एन. चंद्रबाबू नायडू** द्वारा छोटे किसानों को अपने उत्पाद का उचित मूल्य पर विपणन करने में सक्षम बनाने के लिए लॉन्च किया गया एक मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म -- **ई-रायथू।**
 **नोट:**यह प्लेटफॉर्म वैश्विक भुगतान एवं प्रौद्योगिकी कंपनी मास्टरकार्ड द्वारा विकसित किया गया है।'ई-रायथू' का उद्देश्य कृषि बाजारों, भुगतानों, कार्य प्रगति को डिजिटाइज करना है, और किसानों को कृषि उत्पादों के लिए खरीद, बिक्री और भुगतान प्राप्त करने का एक आसान और सुरक्षित तरीका प्रदान करना है।

10. नुआखाई पर्व **ओडिशा में** मनाया गया।
 **नोट:** नुआखाई जुहार पर्व का एक प्रमुख अनुष्ठान है, जिसमें मित्रों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों का अभिनंदन किया जाता है। पश्चिमी ओडिशा के इस फसल पर्व के दौरान, नई उपज देवताओं को अर्पित की जाती है।

11. राज्य/केंद्रशासित प्रदेश और सियोल मेट्रोपॉलिटन सरकार ने किस शहर के पुनरुत्थान में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की योजना बनाई -- **दिल्ली।**
 **नोट:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सियोल यात्रा के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।केजरीवाल ने शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन के साथ सियोल शहर के केंद्र चेओन्गीचियन के परिवर्तन को देखने के लिए शहर का दौरा किया।

12. भारत का सबसे लंबा रेल एवं सड़क पुल असम में कहां पर ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाया जाएगा -- **बोगीबील।**
 **नोट:** बोगीबील पुल असम के डिब्रूगढ़ शहर में ब्रह्मपुत्र नदी पर बनने वाला एक सड़क और रेल पुल है।4.94 किमी लंबा पुल राज्य के उत्तर और दक्षिण छोरों के बीच सड़क एवं रेल कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करेगा।

13. वर्ष 2017-2018 के दौरान किस राज्य को PMGSY के तहत सर्वाधिक सड़कों के निर्माण के लिए देश के सभी राज्यों के बीच सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया -- **उत्तराखंड।**
 **नोट:** राज्य ने **प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना** (वर्ष 2017-18 के लिए लक्ष्य- 1,500 किमी) के तहत सर्वाधिक 1,839 किलोमीटर का सड़क निर्माण किया



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

है।उत्तराखंड को 207 बस्तियों को सड़कों से जोड़ने के लिए दूसरे स्थान पर रखा गया है (योजना के तहत लक्ष्य - 172)।

14. **Daye** चक्रवाती तूफान ओडिशा के गोपालपुर तट के पास से गुजरा।
**नोट**: 'Daye' के प्रभाव से, राज्य के तटीय और दक्षिणी हिस्सों में तेज हवा के साथ भारी बारिश हुई। चक्रवात प्रणाली का क्षेत्र दक्षिण ओडिशा, गोपालपुर तट से लगभग 40 किलोमीटर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम और कालाहांडी जिले के भवानीपटना के 150 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व में रहा है।

15. **पंजाब** राज्य मंत्रिमंडल ने राज्य में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी (पी.पी.पी) प्रणाली में **श्री आनंदपुर साहिब** और **नैना देवी जी** के बीच एक **रोप-वे** (रज्जु मार्ग) की स्थापना को मंजूरी दी।
**नोट**: रोपे-वे पंजाब में श्री आनंदपुर साहिब और हिमाचल प्रदेश में नैना देवी जी का दर्शन करने जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान करेगा।

16. इसरो के पहले अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी उद्भवन केंद्र (एस.टी.आई.सी) का उद्घाटन कहां पर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एन.आई.टी) में किया गया -- **अगरतला**।
**नोट**: यह केंद्र **इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन** (आई.ई.एस.ए) द्वारा आयोजित **'स्पेसट्रॉनिक्स'** के पहले संस्करण में शुरु किया गया। यह इसरो द्वारा स्टार्ट-अप और सरकार की ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया पहल को विकसित करने की एक तरह की प्रक्रिया है।

17. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिमी उड़ीसा के पहले हवाई अड्डे का उद्घाटन **झारसुगुड़ा में** किया।
**नोट**:यह हवाईअड्डा पश्चिमी ओडिशा को देश के विमानन मानचित्र पर लाएगा और सरकार की उड़ान योजना के माध्यम से क्षेत्रीय वायु संपर्क सुविधा प्रदान करेगा।

18. राज्य संचालित किसान दुर्घटना बीमा योजना के तहत किसानों को मिलने वाली मौद्रिक सहायता दोगुना करने वाली राज्य सरकार -- **गुजरात**।
**नोट**:यदि कोई किसान दुर्घटना में मर जाता है या स्थाई रूप से विकलांग हो जाता है, तो उसे या उसके परिजनों को 2 लाख रुपये (इससे पहले 1 लाख) दिए जाएंगे।यदि कोई किसान किसी दुर्घटना में एक आंख या एक अंग गंवा देता है तो वह 50,000 रुपये के बजाय 1 लाख रुपये पाने का भी हकदार होगा।बीमा योजना में राज्य के कृषि भूमि के 2.5 करोड़ से अधिक किसान शामिल हैं।

19. 12 वर्षों में केवल एक बार फूल देने वाले अनोखे **नीलकुरिंजी** (स्ट्रोबिलैंथस कुन्थियानस) पौधों की सुरक्षा के लिए एक नई योजना की घोषणा करने वाली राज्य सरकार -- **तमिलनाडु**।
**नोट**: **नील कुरिंजु** (पश्चिमी घाट के मूल निवासी) विदेशी और देशी पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण हैं और पर्यटन द्वारा प्रमुख विदेशी मुद्रा उपार्जकों में से एक है।नई पहल की घोषणा करने वाले विज्ञापन-पत्र तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के विभिन्न स्थलों पर लगा दिए गए हैं।

20. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्किम के पहले हवाई अड्डे का उद्घाटन **पाकयोंग** में किया।
**नोट**: यह कनेक्टिविटी में सुधार करेगा और सिक्किम के लोगों को लाभान्वित करेगा।600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित पाकयोंग हवाई अड्डा समुद्र तल से 4,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।नागर विमानन मंत्रालय की **'उड़े देश का आम नागरिक'** (उड़ान) योजना के तहत, स्पाइसजेट हर दिन दिल्ली, कोलकाता और गुवाहाटी से 78 सीटों वाली बॉम्बार्डियर Q400 उड़ान संचालित करेगी।

21. केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने **दिल्ली में** ट्रैफिक जंक्शनों के लिए वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण **WAYU** (विंड ऑग्मेंटेशन प्यूरीफाइंग यूनिट) का उद्घाटन किया।



FREE MOCK TEST for RRB Group D
ATTEMPT NOW

**नोट:** WAYU का विकास वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (CSIR-NEERI) द्वारा किया गया है और यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्त पोषित है।यह 10 घंटे कार्य करने में आधा यूनिट बिजली का उपभोग करता है और इसके रखरखाव में आने वाला खर्च केवल 1,500 रुपये प्रति माह है और यह 500 वर्ग मीटर के क्षेत्र में वायु को शुद्ध कर सकता है।

22. रक्षा अधिग्रहण परिषद (डी.ए.सी) ने **T-72 टैंक** के लिए एक हजार इंजन की खरीद को मंजूरी दी।

    **नोट: रक्षा अधिग्रहण परिषद** (डी.ए.सी) ने 2,300 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित लागत पर सेना के **T-72 टैंकों** में लगाने के लिए 1,000 इंजनों की खरीद को मंजूरी दे दी।यह इंजन T-72 टैंकों की गतिशीलता, दक्षता और त्वरण को बढ़ाएंगे जिससे टैंकों को युद्ध के दौरान अधिक बेहतर और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

23. जनजातीय मामलों के मंत्री श्री जुएल ओराम ने महिला SHGs (स्वयं सहायता समूह) और कार्बनिक किसान सहकारी समितियों के सशक्तिकरण पर एक सम्मेलन का उद्घाटन **दंतेवाड़ा, बस्तर क्षेत्र में** किया।

    **नोट:**नीति आयोग ने जनजातीय मामलों के मंत्रालय और जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ (TRIFED) के साथ सम्मेलन का आयोजन किया।सम्मेलन शहरी क्षेत्रों में अपने उत्पादों के बाजार अवसरों की पहचान के लिए उद्यमियों की टीम की दंतेवाड़ा से नई दिल्ली तक की यात्रा का एक हिस्सा है।

24. उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने रांची में खेल गांव में राष्ट्रीय साहित्यिक एवं बौद्धिक सम्मेलन '**लोक मंथन 2018**' का उद्घाटन किया।

    **नोट:**यह चार दिवसीय समारोह देश के सामने आने वाले सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक एन.जी.ओ के सहयोग से झारखंड सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

25. केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 'प्लास्टिक रीसाइक्लिंग और अपशिष्ट प्रबंधन: अवसर और चुनौतियां' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन **नई दिल्ली में** किया।

    **नोट:** श्री पुरी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर दिया और कहा कि शहरी कायाकल्प हरा और टिकाऊ तथा सरकार के प्रमुख कार्यक्रम होना चाहिए। एक बार का प्लास्टिक पदार्थ उपयोग पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर रहा है और समाज को इसके खतरा बनने से पहले आत्म-नियंत्रण करना चाहिए जो इसके खिलाफ बड़े पैमाने पर आंदोलन ला सकता है।

26. केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजायन ने 8वीं एशियाई योग खेल चैंपियनशिप का उद्घाटन केरल के **तिरुवनंतपुरम में** किया।

    **नोट:** एशियाई योग महासंघ द्वारा आयोजित एशिया योग चैंपियनशिप देश में दूसरी बार आयोजित हो रही है। एशियाई योगासन खेल प्रतियोगिता, कलात्मक योग, कलात्मक युग्म योग, तालबद्ध योग, मुक्त प्रवाह नृत्य प्रतियोगिता, और पेशेवर योगसन खेल प्रतियोगिता सहित छह श्रेणियों में विभिन्न आयु वर्गों के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।12 एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 450 प्रतिभागी अपने योग कौशल का प्रदर्शन करते हुए चार दिवसीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।

27. तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के राज्यपाल **ई.एस.एल. नरसिम्हन** ने किसके बीच हैदराबाद मेट्रो रेल के दूसरे गलियारे का उद्घाटन किया है -- **अमीरपेट और एल.बी. नगर।**

    **नोट:** मेट्रो रेल के 16 किमी मार्ग में 16 स्टेशन हैं।इसके साथ ही मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण में मियापुर-एल.बी. नगर के बीच 29 किमी लंबा गलियारा चालू होगा। हैदराबाद मेट्रो रेल का शुभंकर 'निज़' (Niz) है।



FREE MOCK TEST for RRB Group D
ATTEMPT NOW

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. नीदरलैंड में चौथी **अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद कांग्रेस** (आई.एवी.सी) का उद्घाटन **श्रीपद येसो नाइक** ने किया।
**नोट:** कांग्रेस नीदरलैंड और यूरोप के पड़ोसी देशों में आयुर्वेद के प्रचार और प्रसार पर ध्यान केंद्रित करेगी। कांग्रेस का आयोजन नीदरलैंड में भारतीय दूतावास के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महर्षि आयुर्वेद संस्थान (नीदरलैंड), अखिल भारतीय आयुर्वेद कांग्रेस (नई दिल्ली) और अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ (पुणे) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।
2. राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद व्यापार संबंधों को अधिक मजबूत करने के लिए किन तीन राष्ट्रों के दौरा किये-- **साइप्रस, बुल्गारिया और चेक गणराज्य।**
3. भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा का अगला दौर किसने लॉन्च किया -- **सिंगापुर।**
**नोट:** मुक्त व्यापार समझौते के समीक्षा दौर की शुरुआत सिंगापुर में सुरेश प्रभु (केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री) और एस. ईस्वरन (सिंगापुर व्यापार मंत्री) द्वारा की गई।समीक्षा की शुरुआत से दोनों देशों के बीच व्यापार, आर्थिक एवं वाणिज्यिक सहयोग के गहरे होने के संकेत मिलते हैं।
4. भारतीय और बांग्लादेशी सीमा बलों के बीच द्वि-वार्षिक वार्ता **नई दिल्ली में** आयोजित की गई।
**नोट:** के.के. शर्मा (बी.एस.एफ के महानिदेशक) ने भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व किया जबकि मेजर जनरल मोहम्मद शफीनुल इस्लाम (बांग्लादेश सीमा रक्षक बल के महानिदेशक) ने वार्ता में बांग्लादेशी पक्ष का नेतृत्व किया।बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार चलने वाली मादक और नशीले पदार्थों, मवेशी और बंदूक जैसे तस्करी के अपराधों की जांच में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाना है। यह वर्ष 1975 में शुरू होने के बाद से दोनों पक्षों के बीच 47वीं महानिदेशक स्तर की वार्ता है।
5. **कुपोषण** खिलाफ संघर्ष की पहचान के लिए देश भर में **राष्ट्रीय पोषण माह** मनाया जा रहा है।
**नोट:** इस माह के दौरान, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बच्चों में विकास की कमी, कुपोषण, एनीमिया और जन्म के समय कम वजन जैसे कुपोषण से संबंधित मुद्दों पर व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए हैं।पोषण माह स्वास्थ्य क्षेत्र में व्याप्त कमियों को खत्म करने के लिए युवतियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2022 तक 0-6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के विकास की रोक को 38% से 25% तक कम करना है।
6. खाद्य एवं पेय प्रौद्योगिकी अफ्रीका 2018 में **भारतीय पंडाल** (India Pavilion) **भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद (टी.पी.सी.आई) ने** स्थापित किया।
**नोट:** व्यापार मेला गैलाघर कन्वेंशन सेंटर, जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया जा रहा है। व्यापार मेला खाद्य एवं पेय उद्योग से संबंधित संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को शामिल करता है और दक्षिणी अफ्रीका में बाजार की चुनौतियों और मांगों के समाधान प्रदान करता है। खाद्य एवं पेय प्रौद्योगिकी अफ्रीका (एफ.डी.टी-अफ्रीका) दक्षिणी अफ्रीका में प्रमुख पेय एवं खाद्य समारोह है, जो बाजार की विशिष्ट आवश्यकताओं को बढ़ावा देने के अनुरूप है।
7. भारत ने 23 अन्य देशों के साथ सुनामी की तत्परता को सामुदायिक स्तर पर बढ़ाने के लिए कौन से प्रमुख हिंद महासागरीय सुनामी मॉक ड्रिल में भाग लिया -- **IOWave18.**



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

**नोट:** मॉक ड्रिल 'IOWave18' का आयोजन यूनेस्को के अंतर सरकारी महासागरीय आयोग (आई.ओ.सी) ने किया है, जिसने दिसंबर, 2004 सुनामी के बाद **हिंद महासागर सुनामी चेतावनी एवं राहत प्रणाली** (IOTWMS) की स्थापना का समन्वय किया। अभ्यास का उद्देश्य सुनामी तत्परता में वृद्धि करना, प्रत्येक राज्य में प्रतिक्रिया क्षमताओं का मूल्यांकन करना और पूरे क्षेत्र में समन्वय में सुधार करना है।

8. भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास **'KAZIND'** दोनों देशों के बीच (10-23 सितंबर, 2018) **कजाकिस्तान में** आयोजित किया जाएगा।
   **नोट:** यह दोनों देशों के बीच तीसरा संयुक्त सैन्य अभ्यास है, जिनके पास रक्षा क्षेत्र में व्यापक सहयोग का इतिहास है।अभ्यास का उद्देश्य कजाकिस्तान सेना और भारतीय सेना के बीच द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को बढ़ावा देना और कौशल एवं अनुभवों का आदान-प्रदान करना है।
9. जापान के 25 वर्षों के इतिहास में देश को प्रभावित करने वाला सबसे शक्तिशाली तूफान -- **टाइफून जेबी।**
   **नोट:** जेबी ने क्योटो और ओसाका जैसे प्रमुख शहरों को नष्ट करते हुए देश के पश्चिम में विनाश के निशान छोड़े हैं।1.2 मिलियन से अधिक लोगों को बाहर निकलने के निर्देश जारी किए गए हैं।
10. भारतीय वायुसेना (आई.ए.एफ) ने **ऑस्ट्रेलिया में** स्थित डार्विन शहर में अभ्यास पिच ब्लैक 2018 में भाग लिया।
   **नोट:** फ्रांसीसी वायुसेना (एफ.ए.एफ) समेत दुनिया भर के सोलह विभिन्न देशों ने इस अभ्यास में भाग लिया। इसके अगले क्रम में, एफ.ए.एफ के राफेल लड़ाकू विमान और परिवहन विमान 1 से 4 सितंबर, 2018 तक वायुसेना स्टेशन, ग्वालियर और वायुसेना स्टेशन, आगरा में उतरे। प्रशिक्षण अवधि के दौरान, एफ.ए.एफ और आई.ए.एफ ने बुनियादी संयुक्त प्रशिक्षण किया, जिसमें मिशनों का समर्थन करने वाले एक दूसरे के परिवहन विमान पर पर्यवेक्षकों के साथ अपने संबंधित विमान में पायलटों द्वारा लड़ाकू विमानों का हमला शामिल था।
11. 'वैश्विक प्रौढ़ता और वृद्ध व्यक्तियों के मानवाधिकारों' पर तीसरे ए.एस.ई.एम (एशिया-यूरोप बैठक) सम्मेलन में भाग लेने के लिए सियोल (कोरिया) जाने वाले केंद्रीय मंत्री -- **श्री थावरचंद गहलोत।**
   **नोट:**इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र सहित अंतर्राष्ट्रीय संस्थान, यू.एन.ई.एस.सी.ए.पी, यू.एन.ई.सी.ई, यूरोपीय संघ, आशियान, जी.ए.एन.एच.आर.आई जैसे क्षेत्रीय संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन, विशेषज्ञ आदि भाग लेंगे।ए.एस.ई.एम कोरिया गणराज्य और कोरिया के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है।
12. **फेसबुक** के अनुसार, कहां पर एशिया में पहला डेटा सेंटर बनाने के लिए 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की धनराशि प्रदान की जाएगी -- **सिंगापुर।**
   **नोट:** यह सिंगापुर के पश्चिम में तंजोंग क्लिंग (जिसे पहले डेटा सेंटर पार्क के नाम से जाना जाता था) में स्थित होगा, जो 170,000 वर्ग मीटर तक फैला होगा।निर्माण की गति के आधार पर यह सुविधा वर्ष 2022 में शुरु होने की उम्मीद है।डेटा सेंटर एक केंद्रीकृत स्थान होते हैं जहां भारी मात्रा में डेटा एकत्रीकरण, प्रसंस्करण, वितरण या अनुमति देने के उद्देश्य से कंप्यूटिंग और नेटवर्किंग उपकरण लगे होते हैं।
13. 87वां इजमिर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला **तुर्की में** शुरु हुआ।
   **नोट:** भारत इजमिर, तुर्की में आयोजित 87वें **इजमिर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले** में भागीदार देश है।
14. **हाइफा युद्ध** के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हाइफा में एक समारोह **भारतीय दूतावास ने** आयोजित किया।
   **नोट:** इस समारोह में मेजर जनरल वी.डी. डोगरा के नेतृत्व में भारत के एक प्रतिनिधिमंडल और 61वीं कैवेलरी के सैनिकों ने भाग लिया। हाइफा का युद्ध 23 सितंबर, 1918 को शेरोन की लड़ाई के अंत में लड़ा गया था, जो



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

नेबुलस की लड़ाई के साथ मिलकर मेगीद्दो की लड़ाई का नियोजित युद्ध बन गया।

15. भारत से चुराई गईं सैकड़ों हजार डॉलर (225,000 अमेरिकी डॉलर) की दो प्राचीन मूर्तियां **अमेरिका ने** वापस लौटाई।
**नोट:** भारत से चुराकर दो अमेरिकी संग्रहालयों में प्रदर्शित सैकड़ों हजार डॉलर (225,000 अमेरिकी डॉलर) की दो प्राचीन मूर्तियां अमेरिका ने भारत को वापस लौटाई हैं। पहली मूर्ति, **'लिंगोधभवमूर्ती',** 12वीं शताब्दी की ग्रेनाइट मूर्ति है, जो भगवान शिव के प्रतीकात्मक रूप को दर्शाती है और चोल राजवंश की है। इसे तमिलनाडु से चुराया गया था और अलबामा में बर्मिंघम संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया था।दूसरी फिलाइट मूर्ति ज्ञान के **बोधिसत्व, 'मंजूश्री'** को दर्शाती है, जो तलवार पकड़े हुए हैं और मूर्ति स्वर्ण रंग में रंगी हुई है। यह मूर्ति 1980 के दशक के अंत में बिहार के एक मंदिर से चोरी हो गई थी।

16. स्विट्जरलैंड ने अनुभवी हिंदी फिल्म अभिनेत्री **स्वर्गीय श्रीदेवी** की मूर्ति स्थापित करने की योजना बनाई है।
**नोट:** स्विट्जरलैंड के अधिकारियों ने **स्वर्गीय श्रीदेवी** (हिंदी फिल्म अभिनेत्री) की एक मूर्ति स्थापित करने की योजना बनाई है, जिनकी सुपरहिट फिल्म "चांदनी" को देश के मनोहर स्थलों पर फिल्माया गया था। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता **यश चोपड़ा** की मूर्ति वहां पहले से स्थापित है। वर्ष 1989 की अति लोकप्रिय फिल्म 'चांदनी' में स्विट्जरलैंड को केंद्रीय मंच पर रखा गया था क्योंकि फिल्म में लगभग आधे गीत और नृत्य के दृश्यों में स्विट्जरलैंड की पृष्ठभूमि थी।

17. रूस द्वारा शीत युद्ध के बाद प्रारंभ किया गया सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास -- **वोस्तोक-2018**
**नोट:** चीन कई बख्तरबंद वाहनों और विमानों के साथ "वोस्तोक-2018" में भाग लेने के लिए 3,200 सैनिक भेज रहा है। मंगोलिया भी कुछ सैन्य यूनिट भेज रहा है। वर्ष 1981 में शीत युद्ध के दौरान इसी पैमाने पर अंतिम रूसी अभ्यास आयोजित किया गया था, लेकिन वोस्तोक-2018 में अधिक सैनिक शामिल हैं।

18. उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू किन तीन राष्ट्रों की यात्रा पर गये____ **सर्बिया, माल्टा और रोमानिया।**

19. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री **सुरेश प्रभु** ने कहां पर स्थित 'मार डेल प्लाटा' में आयोजित **जी-20 व्यापार एवं निवेश मंत्रिस्तरीय बैठक** में भाग लिया -- **अर्जेंटीना।**
**नोट:** जी-20 (वर्ष 1999 में स्थापित) अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, और संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकारों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय मंच है। जी-20 का लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय स्थिरता के प्रोत्साहन से संबंधित नीति पर चर्चा करना है।

20. अमेरिकी डाक एजेंसी अगले महीने किस पर्व के अवसर पर विशेष टिकट जारी करेगी-- **दिवाली।**
**नोट:** संयुक्त राष्ट्र डाक प्रशासन भारतीय पर्व मनाने के लिए 19 अक्टूबर को न्यूयॉर्क में विशेष आयोजन पर डाक टिकट जारी करेगा।टिकट (शीट) की पृष्ठभूमि में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के भवन के साथ पर्व की भावना का जश्न मनाने के लिए "हैप्पी दिवाली" का संदेश प्रकाशित होगा।

21. दो दिवसीय भारत-यू.ए.ई भागीदारी शिखर सम्मेलन (आई.यू.पी.एस) **दुबई में** आयोजित किया जाएगा।
**नोट:** भारत-यू.ए.ई भागीदारी शिखर सम्मेलन का आयोजन बिजनेस लीडर फोरम (बी.एल.एफ) ने वाणिज्य दूतावास के साथ साझेदारी में किया है। दुबई में भारत के महावाणिज्यदूत विपुल के अनुसार, इस वर्ष आई.यू.पी.एस का दूसरा संस्करण बी.यू.एफ द्वारा वाणिज्य दूतावास के साथ साझेदारी में आयोजित किया जा रहा है।

22. भारत और श्रीलंका के बीच एक द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास का छठा संस्करण -- **SLINEX 2018।**



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

**नोट:** द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास की SLINEX श्रृंखला वर्ष 2005 में शुरू की गई थी और तब से अब तक पांच सफल अभ्यास आयोजित किए गए हैं। इस अभ्यास का यह संस्करण दो समुद्री पड़ोसियों के बीच संबंधों को अधिक मजबूत करेगा और इस क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा की दिशा में योगदान देगा।

23. दो सप्ताह लंबे संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास **'युद्ध अभ्यास 2018'** (14वां संस्करण) का आयोजन कहां पर स्थित चौबटिया में हिमालय की तलहटी में किया जाएगा -- **उत्तराखंड।**

**नोट:** संयुक्त अभ्यास 'युद्ध अभ्यास 2018' एक ऐसे परिदृश्य का अनुकरण करेगा जहां दोनों देश संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत पहाड़ी इलाके में विद्रोह और आतंकवाद के माहौल से मुकाबले के लिए कार्य करेंगे।

24. द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत बनाने के लिए असम के बक्सा जिले के दारंगा में **भारत-भूटान सीमा केंद्र** का उद्घाटन किसने किया -- **सर्बानंद सोनोवाल।**

**नोट:** केंद्र ने राज्य के चार बी.टी.ए.डी जिलों को स्पर्श करने वाली 264 किलोमीटर सीमावर्ती सड़कों का निर्माण करने का फैसला किया है।

25. भारत, ईरान और अफगानिस्तान ने कहां पर अपनी पहली त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की -- **काबुल, अफगानिस्तान।**

**नोट:** भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश सचिव **विजय गोखले** ने किया, जबकि ईरान की टीम की अध्यक्षता उप विदेश मंत्री **अब्बास अराघची** ने की थी। बैठक का उद्देश्य **चाबहार बंदरगाह** परियोजना के कार्यान्वयन और आतंकवाद से मुकाबला करने में सहयोग को गहरा बनाने के तरीकों सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा थी।

26. विश्व सांस्कृतिक पाकशाला विरासत समिति विश्व विरासत पाकशाला शिखर सम्मेलन और खाद्य मेले के पहले संस्करण का आयोजन **अमृतसर में** करेगी।

**नोट:** शिखर सम्मेलन पवित्र शहर में सजीव प्रमाण, भोजन आस्वादन, प्रस्तुतियों, पैनल चर्चा, दुनिया भर के शेफ द्वारा मास्टर कक्षाओं के साथ पारंपरिक व्यंजनों का उत्सव मनाएगा। यह खाद्य संस्कृति और परंपराओं, अच्छी खाद्य आदतों और टिकाऊ अभ्यासों की प्रशंसा पर केंद्रित होगा।

27. दुनिया की सबसे बड़ी मुफ्त साहित्यिक सभा जयपुर साहित्य महोत्सव **ह्यूस्टन में** शुरु हुआ।

**नोट:** समारोह की शुरुआत भारतीय सूफी गायिका **'जिला खान'** के एक भावपूर्ण संगीत कार्यक्रम से हुई। उद्घाटन सत्र में कांग्रेस नेता और लेखक शशि थरूर ने लेखक नमिता गोखले के साथ अपनी पुस्तक "वाय आई एम ए हिंदू" (Why i am a Hindu) पर चर्चा की।

28. सुपर टाइफून **'मैंगखुट'** ने चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग प्रांत में दस्तक दी।

**नोट:**टाइफून ने हांगकांग में विनाश का निशान छोड़ने के बाद 162 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं के साथ गुआंग्डोंग प्रांत के जियांग्मेन शहर के तट पर भूस्खलन पैदा किया।इससे पहले, चीन के दक्षिणी द्वीप प्रांत हाइनन में दो हवाई अड्डों पर 400 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई थीं और सभी तटीय रिसॉर्ट्स और स्कूल बंद कर दिए गए थे।

29. भारत ने समुद्री सहयोग, पर्यटन और प्रशिक्षण के क्षेत्र में **माल्टा** देश के साथ तीन एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** **भारत** और **माल्टा** ने **वेंकैया नायडू** (उप-राष्ट्रपति) और **मैरी-लुईस कोलेरो प्रेका** (माल्टा की राष्ट्रपति) के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद समुद्री सहयोग, पर्यटन और प्रशिक्षण के क्षेत्र में तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत विश्व में सस्ती जेनेरिक दवाओं का मुख्य स्रोत है और स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद के क्षेत्रों में सहयोग कर सकता है।

30. विवादित दक्षिण चीन सागर में अपना पहला पनडुब्बी अभ्यास **जापान ने** शुरु किया।



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

**नोट:** रणनीतिक तकनीकों को बेहतर बनाने के लिए इस क्षेत्र में पनडुब्बी-भेदी अभ्यास आयोजित किया गया। ब्रुनेई, मलेशिया, फिलीपींस, ताइवान और वियतनाम के प्रतिस्पर्धी दावों के बावजूद, चीन अधिकतम संसाधन समृद्ध दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है।

31. विश्व की पहली हाइड्रोजन ट्रेन **जर्मनी** में 62 मील लंबे ट्रैक पर दौड़ रही है।

**नोट:** हाइड्रोजन इंजन 140 किलोमीटर प्रति घंटा (87 मील प्रति घंटे) की अधिकतम गति से चल सकता है और रेलगाड़ी की भ्रमण दूरी लगभग 600 मील है। वाहन ईंधन सेलों द्वारा संचालित है जो विद्युत उत्पादन के लिए हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का मिश्रण करता है। एल्स्टॉम वर्ष 2021 तक जर्मनी को 14 और हाइड्रोजन ट्रेन प्रदान करने की योजना बना रही है, और फ्रांस वर्ष 2022 तक इसकी शुरुआत करने की योजना बना रहा है।

32. भारत और रूस के बीच कौन सा संयुक्त वायु सेना स्तर का अभ्यास लिपेटस्क, रूस में आयोजित हुआ -- **'Aviaindra-18'.**

**नोट:** इस अभ्यास का उद्देश्य द्विपक्षीय परिदृश्य में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर केंद्रित है। दल में आई.ए.एफ की विभिन्न शाखाओं और वर्गों के 30 अधिकारी शामिल हैं जिनमें फ्लाइंग, एडमिन और मेडिकल ब्रांच की चार महिला अधिकारी भी शामिल हैं।

33. प्रशंसित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन 'महा बिज़ 2018' का तीसरा संस्करण **दुबई में** आयोजित किया जाएगा।

**नोट:** महा बिज़ को महाराष्ट्र राज्य और खाड़ी सहयोग परिषद (जी.सी.सी) क्षेत्र के बीच व्यावसायिक अवसरों का एक सेतु माना जाता है। जी.सी.सी छह मध्य पूर्वी देशों का राजनीतिक और आर्थिक गठबंधन है। इसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान, बहरीन और कतर शामिल हैं।

34. भारत के किस पड़ोसी देश ने देश भर में तीन दिवसीय एंटी-पोलियो टीकाकरण अभियान शुरू किया है ताकि कोई भी पोलियो-ग्रस्त न रहे -- **पाकिस्तान।**

**नोट:** इसे पांच वर्ष से कम उम्र के 38.6 मिलियन बच्चों को कवर करने के लिए अपंग करने देने वाली बीमारी के खिलाफ अंतिम प्रयास बताया गया है। अफगानिस्तान और नाइजीरिया के साथ पाकिस्तान विश्व के केवल उन तीन देशों में से एक है, जो स्थानिक पोलियो से ग्रस्त है, एक वायरस जो पक्षाघात या मृत्यु का कारण बन सकता है।

35. दक्षिण अफ्रीका के स्वर्गीय नेता नेल्सन मंडेला के जन्म दिवस के सम्मान में कहां पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया -- **संयुक्त राष्ट्र।**

**नोट:** यह वर्ष मंडेला के जन्म की 100वीं वर्षगांठ के रूप में मनाया जा रहा है, और संयुक्त राष्ट्र वर्ष 2019-2028 को "नेल्सन मंडेला शांति दशक" घोषित कर रहा है।

36. हर्षोल्लास और उत्साह के साथ प्रसिद्ध इंद्रा जात्रा पर्व मनाया गया -- **काठमांडू (नेपाल)।**

**नोट:** राष्ट्रपति **बिद्या देवी भंडारी** और हजारों लोगों ने इंद्रा जात्रा पर्व में भाग लिया। वार्षिक उत्सव 'इंद्रा जात्रा' वर्षा और अच्छी फसल के भगवान देवराज इंद्र, की पूजा करने के लिए मनाया जाता है। इंद्रा जात्रा मुख्य रूप से काठमांडू घाटी के नेवार समुदाय द्वारा और देश के कुछ अन्य हिस्सों में मनाया जाता है।

37. यू.एन.जी.ए के 73वें सत्र में क्षय रोग पर उच्च स्तरीय बैठक **न्यूयॉर्क में** आयोजित हुई।

**नोट:** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री **जे.पी. नड्डा** ने न्यूयॉर्क (यू.एस.ए) में आयोजित **संयुक्त राष्ट्र महासभा** (यू.एन.जी.ए) के 73वें सत्र में क्षय रोग पर उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित किया। वर्तमान में भारत ने योजना के कार्यान्वयन के लिए 430 मिलियन अमेरिकी डॉलर आवंटित किए हैं, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 54% अधिक है।



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

**38.** अर्जेंटीना को देश की संघर्षशील अर्थव्यवस्था के विकास हेतु अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ) से कितने बिलियन डॉलर प्राप्त हुए हैं -- **57.1 अमेरिकी डॉलर।**
**नोट:** यह वैश्विक निकाय आई.एम.एफ द्वारा दिया गया अब तक का सबसे बड़ा ऋण पैकेज है।इससे पहले, अर्जेंटीना को '15 बिलियन अमेरिकी डॉलर' का ऋण पहले ही प्राप्त हो चुका है। इसे अगले तीन वर्षों में वितरित किया जाएगा।

**39.** टाइफून ट्रामी जापान के किस दक्षिणी द्वीप से टकराया -- **ओकिनावा।**
**नोट:** टाइफून ट्रामी जापान के दक्षिणी द्वीप ओकिनावा से 216 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार से टकराया।

**40.** सोशल नेटवर्किंग कंपनी **फेसबुक** ने एक प्रमुख सुरक्षा सेंध की सूचना दी है जिसमें 50 मिलियन यूजरों के अकाउंट को अज्ञात लोगों द्वारा उपयोग किया गया था।
**नोट:** अज्ञात लोगों ने डिजिटल पासवर्ड चुरा लिए थे, जिन्हें एक्सेस टोकन कहा जाता है, जिसे कंपनी लोगों को लॉग इन रखने में उपयोग करती है। सोशल मीडिया कंपनी ने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि इसके पीछे कौन था या वे कहां से थे।

## बैंकिंग जागरुकता

1. वित्त मंत्री **अरुण जेटली** के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में **भारतीय अर्थव्यवस्था** में **8.2% के** दर से विकास हुआ है।
**नोट:** विनिर्माण क्षेत्र में 13.5% से विकास हुआ है जो इस क्षेत्र में बहुत अच्छे बदलाव को दर्शाता है।निर्माण क्षेत्र में भी लगभग 8.99% से मजबूत विकास हुआ है।प्रणाली में गैर-खाद्य ऋण वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में जुलाई के लिए 10.6% तक पहुंच गई, जो तेजी से बढ़ रहे सेवा क्षेत्र ऋण से प्रेरित है।

2. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी) की शुरुआत **नई दिल्ली में** की।
**नोट:** 3250 ग्राहक पहुंच केंद्र के साथ बैंक की 650 शाखाएं देश भर में सितंबर, 2018 से परिचालित हैं।सरकार का लक्ष्य सभी 1.55 लाख डाकघरों को 31 दिसंबर, 2018 तक इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक सिस्टम से जोड़ना है। बैंक बचत और चालू खातों, धन हस्तांतरण, बिल एवं उपयोगिता भुगतान और व्यापारी भुगतान जैसे उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करेगा।

3. **भारतीय रिजर्व बैंक** (आर.बी.आई) ने राजस्थान स्थित **भीलवाड़ा महिला शहरी सहकारी बैंक** का लाइसेंस निरस्त कर दिया है क्योंकि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और उपार्जन की संभावना नहीं है।
**नोट:** बैंक में पर्याप्त पूंजी और उपार्जन की संभावना नहीं है।बैंक अपने वर्तमान और भविष्य के जमाकर्ताओं को पूरी तरह से और उनके दावे करने पर भुगतान करने की स्थिति में नहीं है।

4. **भारतीय स्टेट बैंक (एस.बी.आई)** ने अपनी बेंचमार्क ऋण दर या **एम.सी.एल.आर** (निधि आधारित ऋण दर की सीमांत लागत) तत्काल प्रभाव से 0.2% बढ़ा दी।
**नोट:** एस.बी.आई ने तीन वर्ष तक सभी आशयों में ऋण दर 20 आधार अंक बढ़ा दी है। अब एस.बी.आई की रात भर की और एक महीने की अवधि में निधि आधारित ऋण दर की सीमांत लागत (एम.सी.एल.आर) 7.9% के मुकाबले 8.1% है।आर.बी.आई द्वारा स्वीकृत कुछ मामलों को छोड़कर, निधि आधारित ऋण दर की सीमांत लागत



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

(एम.सी.एल.आर) एक बैंक की न्यूनतम ब्याज दर को दर्शाती है, जिसके नीचे वह ऋण नहीं दे सकता है।

5. वर्ष 2017-18 के लिए **आर.बी.आई** की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई) ने वित्तीय वर्ष 2017-18 में **8.46 टन सोना** खरीदा है।
   **नोट:** भारतीय रिजर्व बैंक के पास 557.77 टन (30 जून, 2017 को) की तुलना में 566.23 टन सोना (30 जून, 2018 को) है।इससे पहले, आर.बी.आई ने नवंबर, 2009 में सोना खरीदा था, जब उसने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ) से 200 टन सोना खरीदा था।
6. केंद्र सरकार ने **प्रधान मंत्री जन धन योजना** (पी.एम.जे.डी.वाई) को असीमित अवधि वाली योजना बनाने का निर्णय लिया है और लोगों द्वारा **बैंक खाते** खोलने के लिए अधिक सुविधाएं शामिल की हैं।
   **नोट:** अब, योजना के तहत ओवरड्राफ्ट सुविधा 5,000 रुपये से दो गुनी करके 10,000 रुपये हो गई है। इसके तहत ओवरड्राफ्ट सुविधा का लाभ उठाने के लिए आयु सीमा को 18 से 65 वर्ष (पहले 18 से 60 वर्ष) करके संशोधित किया गया है। नए रुपे कार्डधारकों के लिए दुर्घटना बीमा कवर एक लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया है।
7. भारत के **HDFC ERGO** ने लोगों के लिए **'E@Secure'** साइबर बीमा पॉलिसी लॉन्च करने की घोषणा की है।
   **नोट:** HDFC ERGO की 'E@Secure' बीमा पॉलिसी किसी भी डिवाइस से और दुनिया भर के किसी भी स्थान से किए गए साइबर जोखिमों और धोखाधड़ी के खिलाफ व्यापक सुरक्षा प्रदान करती है।विभिन्न साइबर जोखिम जैसे अनधिकृत ऑनलाइन लेनदेन, फ़िशिंग और ईमेल स्पूफ़िंग, ई-फिरौती, पहचान की चोरी, ई-प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना और साइबर-धमकी पॉलिसी द्वारा कवर किए जाते हैं।
8. आई.डी.बी.आई बैंक में एल.आई.सी की हिस्सेदारी को 51% से 15% तक कम करने के लिए समयसीमा **भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आई.आर.डी.ए.आई)** निर्धारित करेगा।
   **नोट:** यह कदम केवल घाटे में चल रहे आई.डी.बी.आई बैंक में एल.आई.सी की 51 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण के बाद की कार्य योजना देखकर उठाया जाएगा।एल.आई.सी आई.डी.बी.आई बैंक में 7.98% रखती है और अपनी हिस्सेदारी 51% तक बढ़ाने की प्रक्रिया में है, जो इसे बैंकिंग क्षेत्र में प्रवेश करने में सहायता करेगी। वर्तमान में, बीमा कंपनियों के लिए किसी भी सूचीबद्ध कंपनी में हिस्सेदारी रखने की अनुमत सीमा 15% है।
9. फल, सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी के चलते अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 10 महीने के किस निचले स्तर पर पहुंच गई -- **3.69%**।
   **नोट:** जुलाई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 4.17 प्रतिशत थी।केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति पिछले महीने के 1.37 प्रतिशत की तुलना में अगस्त में 0.29 प्रतिशत कम हो गई। खुदरा मुद्रास्फीति का अर्थ कुछ उत्पादों या वस्तुओं की कीमतों में आधार मूल्य की तुलना में वृद्धि है।
10. केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सी.एस.ओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के संदर्भ में मापे गए कारखाना उत्पादन में जुलाई, 2018 में **6.6%** वृद्धि हुई ।
    **नोट:** यह वृद्धि विनिर्माण क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन और पूंजीगत वस्तुओं तथा उपभोक्ता वस्तुओं की कुल खरीद के कारण हुई।
11. केंद्रीय कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने गैर-सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनियों के लिए **2 अक्टूबर, 2018** तक नए शेयर जारी करना अथवा सभी शेयरों को अभौतिक (dematerialised) या डीमैट (अर्थात इलेक्ट्रॉनिक रूप में) फॉर्म में हस्तांतरण अनिवार्य बना दिया है



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

**नोट:** इसके साथ, प्रतिभूतियों के अभौतिकीकरण के प्रमुख लाभ अब गैर-सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनियों के लिए उपलब्ध होंगे।

12. **इंफोसिस** कंपनी ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आधिकारिक डिजिटल इनोवेशन पार्टनर के रूप में 3 वर्ष की साझेदारी पर हस्ताक्षर किए हैं।
**नोट:** इंफोसिस ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के साथ उसके आधिकारिक डिजिटल इनोवेशन पार्टनर के रूप में 3 वर्ष की साझेदारी पर हस्ताक्षर किए हैं।

13. असंगठित खुदरा व्यापार हेतु भुगतान नेटवर्क निर्माण के लिए एफ.एस.एस (फाइनेंशियल सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम) के साथ **आई.पी.पी.बी ने** करार किया है।
**नोट:** एफ.एस.एस एक भुगतान प्रौद्योगिकी कंपनी है जो यह सुनिश्चित करती है कि छोटे-व्यापारी किसी भी चैनल (ऑनलाइन, यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यू.पी.आई), क्विक रिस्पॉन्स (क्यू.आर) कोड आधार और आई.पी.पी.बी खाते) पर भुगतान प्राप्त कर सकें।

14. भारत सरकार (जी.ओ.आई) ने अगले भारतीय आर्थिक सलाहकार (सी.ई.ए) का चयन करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर **बिमल जालान** की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है।
**नोट:** सी.ई.ए वित्त मंत्री के प्रत्यक्ष प्रभार के अधीन है और भारतीय आर्थिक सेवा (आई.ई.एस) का पदेन कैडर नियंत्रण अधिकारी है।

15. नोटबंदी के बाद जारी किए गए सभी नोटों के लिए राजपत्रित अधिसूचना के माध्यम से नए दिशानिर्देश किसने जारी किए हैं -- **भारतीय रिजर्व बैंक।**
**नोट:** इसके साथ ही आर.बी.आई ने विमुद्रीकरण के बाद जारी किए गए 2000 रुपये या 200 रुपये मूल्य वर्ग के नोटों के आदान-प्रदान पर स्पष्टता की कमी समाप्त कर दी है।

16. केंद्र सरकार के अनुसार, देश का तीसरा सबसे बड़ा ऋणदाता बनाने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, विजया बैंक और देना बैंक** का विलय किया जाएगा।
**नोट:** यह विलय बैंकों को मजबूत और चिरस्थाई बनाएगा तथा इसके साथ ही उनकी ऋण क्षमता में भी वृद्धि करेगा।

17. अपनी निजी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एन.बी.एफ.सी) संचालित करने के लिए किसे भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई) की मंजूरी मिली -- **पेयू इंडिया (PayU India)।**
**नोट:** यह समाज के विभिन्न वर्गों की विविध वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करके देश में समावेशी विकास को बढ़ावा देने में पेयू इंडिया की सहायता करेगी। केंद्रीय बैंक से यह अनुमोदन "कुछ लंबित आर.बी.आई स्वीकृति" के अधीन है।

18. इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी) और किस निजी जीवन बीमा कंपनी ने जीवन बीमा प्रदान करने के लिए रणनीतिक साझेदारी की -- **बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (बी.ए.एल.आई.सी)।**
**नोट:** यह साझेदारी आई.पी.पी.बी को जीवन बीमा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सहायता करेगी। उत्पाद पहले आई.पी.पी.बी के 3,250 पहुंच केंद्रों के नेटवर्क पर उपलब्ध होंगे, इसके बाद धीरे-धीरे भारत भर में 155,000 डाकघरों तक पहुंचेंगे।

19. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के तहत बीमित व्यक्तियों के लिए एक नई योजना **'अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना' कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई.सी) ने** मंजूरी दी।
**नोट:** यह योजना बेरोजगारी और नए कार्य की तलाश के मामले में सीधे बैंक खाते में नकद देय राहत है।ई.एस.आई.सी ने बीमित व्यक्ति की मृत्यु पर दिए जाने वाले अंत्येष्टि व्यय को मौजूदा 10 हजार रुपये से 15 हजार रुपये तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

20. वर्ष 2017-18 के दौरान आधिकारिक भाषा नीति को लागू करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए **'राजभाषा कीर्ती'** पुरस्कार जीतने वाला **पंजाब नेशनल बैंक (पी.एन.बी) है।**

**नोट:** यह पुरस्कार उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने पी.एन.बी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक सुनील मेहता को 'क्षेत्र A के राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों' की श्रेणी के तहत प्रदान किया।

21. **इंफोपार्क कक्कनाड** के साथ परिसर में पट्टे पर जगह देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाला **फेडरल बैंक है।**

**नोट:** बैंक एक सहायक कंपनी के निर्माण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से सैद्धांतिक रूप से मंजूरी पहले ही प्राप्त कर चुका है।प्रस्तावित कंपनी बैंक के सभी समर्थित कार्यों का एकीकरण और नियंत्रण करेगी।

22. केंद्र सरकार ने **10 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों** (पी.एस.बी) में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.ई.ओ) और प्रबंध निदेशक (एम.डी) की नियुक्ति को मंजूरी दी।

23. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफ.पी.आई) को राहत प्रदान करने के लिए 'अपने ग्राहक को जानो' (Know Your client (KYC)) मानदंडों को **भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने** संशोधित किया।

**नोट:** नए मानदंडों के तहत निवासियों के साथ-साथ गैर-निवासी भारतीयों को ऐसी संस्थाओं में एक गैर-नियंत्रित हिस्सेदारी रखने की अनुमति दी गई है। उन पर गैर निवेशक एफ.पी.आई, सेबी पंजीकृत ऑफशोर फंड के साथ-साथ पंजीकृत निवेश प्रबंधकों को प्रबंधित करने के लिए कोई प्रतिबंध नहीं होगा।एफ.पी.आई के कुछ वर्गों को लाभकारी मालिकों की एक सूची बनाए रखने और इसे नियामक को प्रदान करने की आवश्यकता होगी।

24. क्रेडिट रेटिंग एजेंसी 'फिच' के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास दर **7.8%** हो जाएगी।

**नोट: एशियाई विकास बैंक** (ए.डी.बी) के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष के लिए भारत की अनुमानित जी.डी.पी विकास दर 7% से अधिक है। **फिच रेटिंग इनकार्पोरेशन** तीन बड़ी क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों (अन्य दो-मूडीज और स्टैंडर्ड एंड पुअर्स) में से एक है।

25. बेंगलुरु स्थित अशोक स्तंभ के समीप प्रेमचंद्र सागर हॉल में **"ग्रामीण हब्बा"** का आयोजन **नाबार्ड ने** किया।

**नोट:** ग्रामीण हब्बा ग्रामीण शिल्प उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने हेतु बुनकरों, ग्रामीण कारीगरों, और शिल्पकारों, ग्रामीण उद्यमियों के लिए एक प्रदर्शनी और बिक्री मंच है।पूरे राज्य के लगभग 40 कारीगर अपने उत्पादों को बिक्री के लिए प्रदर्शित कर रहे हैं।

26. निर्देशों की अवज्ञा करने के लिए करूर वैश्य बैंक पर 5 करोड़ रुपये का जुर्माना **भारतीय रिजर्व बैंक ने** लगाया।

**नोट:** आरबीआई द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान के अनुसार, "आय स्वीकृति एवं संपत्ति वर्गीकरण (आई.आर.ए.सी) मानदंडों, धोखाधड़ी और चालू खाते खोलते समय विनियम की आवश्यकता पर निर्देशों के अनुपालन के लिए जुर्माना लगाया गया था।

27. भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई) ने **बंधन बैंक** को नई शाखाएं खोलने और शेयरधारक नियमों के पालन में विफलता के कारण बैंक के सी.ई.ओ के वेतन को रोकने का भी आदेश दिया।

**नोट:** बंधन बैंक के अनुसार, बैंक में एन.ओ.एफ.एच.सी के शेयरधारक को 40 प्रतिशत तक कम करने के लिए लाइसेंसिंग शर्तों का पालन करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और इस संबंध में आर.बी.आई के साथ बातचीत जारी रखेंगे।

28. भारत में अवसंरचना परियोजनाओं के लिए 525 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण किसने मंजूरी किया -- **ब्रिक्स 'नया विकास बैंक'।**

**नोट:** भारत सरकार द्वारा ऋण का उपयोग मध्य प्रदेश सरकार को लगभग 2,000 किमी तक की लंबाई की सड़कों के साथ प्रमुख जिला सड़कों के पुनर्वास के लिए किया



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

जाएगा। ऋण का उद्देश्य राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों के साथ ग्रामीण क्षेत्र संपर्क में सुधार करना है।

29. घरेलू प्रेषण में कथित उल्लंघन के लिए जी.एस.टी विभाग को 38 करोड़ रुपये के जुर्माने का भुगतान **यस बैंक ने** किया।
**नोट:** 32 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान जी.एस.टी विभाग को किया गया, जबकि सेवा कर में 6 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है जिसे जी.एस.टी द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है।

30. बीमा नियामक आई.आर.डी.ए.आई ने वाहन स्वामी-चालक के लिए न्यूनतम बीमा कवर कितने रूपये के प्रीमियम पर 15 लाख रुपये तक बढ़ाया है -- **750 रुपये वार्षिक।**
**नोट:** वर्तमान में, दोपहिया मोटर वाहन और निजी कार/वाणिज्यिक वाहनों के लिए इस खंड के तहत पूंजी बीमा राशि (सी.एस.आई) क्रमश: 1 लाख रुपये और 2 लाख रुपये है।अतिरिक्त प्रीमियम के भुगतान पर वाहन स्वामी-चालक के पास 15 लाख रुपये अधिक का कवर विकल्प भी होता है।

31. इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी) और किसी निजी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने, विशेष रुप से देश में घर-घर जीवन बीमा समाधान प्रदान करने के लिए रणनीतिक साझेदारी में प्रवेश किया -- **बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (बी.ए.एल.आई.सी)।**
**नोट:** यह साझेदारी जीवन बीमा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आई.पी.पी.बी को लाभ पहुंचाएगी। दोनों कंपनियां कॉरपोरेट एजेंसी समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आई हैं।

## विभिन्न पी.एस.बी में एम.डी और सी.ई.ओ की सूची

| **क्रमांक** | **एम.डी एवं सी.ई.ओ** | **बैंक** |
|---|---|---|
| 1. | पद्मजा चुंदरू | इंडियन बैंक |
| 2. | मृत्युंजय महापात्रा | सिंडिकेट बैंक |
| 3. | पल्लव मोहापात्रा | सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया |
| 4. | पेकिरिसामी | आंध्रा बैंक |
| 5. | कर्णम शेखर | देना बैंक |
| 6. | एस.एस मल्लिकार्जुन राव | इलाहाबाद बैंक |
| 7. | ए.एस. राजीव | बैंक ऑफ महाराष्ट्रा |
| 8. | अतुल कुमार गोयल | यूको बैंक |
| 9. | एस. हरिशंकर | पंजाब एंड सिंध बैंक |
| 10. | अशोक कुमार प्रधान | यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया |

## श्रद्धांजलियां

1. प्रभावशाली जैन मुनी **तरुण सागर** का दिल्ली में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।
**नोट:** वह **'कड़वे प्रवचन'** नामक अपने उपदेशों के लिए प्रसिद्ध थे।उनके जैन समुदाय के बाहर भी बहुत प्रशंसक





थे और उन्हें अपने राष्ट्रवादी विचारों के लिए जाना जाता था।तरुण सागर का जन्म 26 जून, 1967 को भारत के मध्य प्रदेश स्थित दमोह में एक छोटे से गांव गुहांची में हुआ था।

2. महाराष्ट्र के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी **आर्थर परेरा का** मुंबई में निधन हो गया।
   **नोट:** परेरा ने वर्ष 1971 में भारतीय टीम के साथ एक स्ट्राइकर के रूप में रूस का दौरा किया था।अपने खेल करियर के बाद, पेरेरा उपनगर मलाड स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में एक शारीरिक शिक्षा शिक्षक बन गए थे।
3. प्रसिद्ध गुजराती लेखक, पत्रकार और कवि **भगवती कुमार शर्मा का** सूरत में निधन हो गया।
   **नोट:** श्री भगवती कुमार शर्मा को उनके गुजराती उपन्यास असूर्यलोक के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। श्री शर्मा को गुजराती साहित्य पुरस्कार, रंजीतराम सुवर्ण चंद्रक और कुमार परितोषिक भी प्रदान किया गया था। उन्हें गुजरात गौरव पुरस्कार, साहित्य रत्न पुरस्कार और वली गुजराती गजल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।
4. हॉलीवुड अभिनेता **बर्ट रेनॉल्ड्स** का अमेरिका स्थित फ्लोरिडा अस्पताल में निधन हो गया।
   **नोट:** रेनॉल्ड्स 1970 के दशक में एक बड़े बॉक्स ऑफिस अभिनेता थे। उन्हें वर्ष 1972 की हॉलीवुड फिल्म 'डिलीवरेंस' से प्रसिद्धि मिली, और उन्होंने स्मोकी एंड द बैंडिट, बूगी नाइट्स और द कैननबॉल रन जैसी फिल्मों में भी अभिनय किया।
5. अनुभवी कलाकार **मेहली गोभाई** का मुंबई में निधन हो गया है।
   **नोट:** गोभाई लंदन स्थित रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट और न्यूयॉर्क स्थित आर्ट स्टूडेंट्स लीग और प्रैट ग्राफिक सेंटर के छात्र थे।
6. प्रख्यात कृषि अर्थशास्त्री प्रोफेसर **विजय शंकर व्यास** का बीमारी के बाद निधन हो गया।
   **नोट:** वह भारतीय प्रबंधन संस्थान (आई.आई.एम), अहमदाबाद और विकास अध्ययन संस्थान (आई.डी.एस), जयपुर के निदेशक थे। वह स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह की पूर्व सरकारों के दौरान प्रधान मंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति के सदस्य भी थे।
7. अनुभवी फिल्म लेखक **ब्रिज कात्याल** का उपनगर बांद्रा स्थित एक धर्मशाला में निधन हो गया।
   **नोट:** श्री कात्याल ने शशि कपूर-नंदा की हिट फिल्म 'जब जब फूल खिले' की कहानी लिखी। कात्याल को कई टीवी धारावाहिकों जैसे 'दिल्लगी', 'सांस' और 'पाल छिन' के लेखन का भी श्रेय दिया जाता है, सभी नीना गुप्ता द्वारा निर्देशित हैं।
8. प्रख्यात मलयालम अभिनेता **कैप्टन राजू** का कोच्चि स्थित पलारिवट्टम के पास उनके आवास पर निधन हो गया।
   **नोट:** उनकी कुछ लोकप्रिय फिल्मों में नाडोडिकट्टू, ओरु वाडक्कन वीरगाथा और पावम क्रूरन शामिल हैं। उन्होंने तमिल, तेलुगु, कन्नड़ फिल्मों में भी अभिनय किया था। श्री राजू ने दो फिल्मों का निर्देशित भी किया जिनमें इथा ओरु स्नेहागथा और मिस्टर पवनई 99.99 शामिल हैं।
9. प्रसिद्ध पहलवान **गणपतराव अंदलकर** का पुणे के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।
   **नोट:**पूर्व ओलंपिक खिलाड़ी अंदलकर (वर्ष 1964 के टोक्यो ओलंपिक में भाग लिया) ने वर्ष 1960 में प्रतिष्ठित "हिंद केसरी" की उपाधि प्राप्त की थी।अंदलकर को कुश्ती में उनके योगदान के लिए वर्ष 1964 में अर्जुन पुरस्कार और महाराष्ट्र सरकार के 'शिव छत्रपति पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया।
10. भारत की पहली महिला आई.ए.एस अधिकारी (स्वतंत्रता के बाद) **अन्ना राजम मल्होत्रा** का मुंबई में निधन हो गया।
    **नोट:** अन्ना राजम मल्होत्रा वर्ष 1951 में सिविल सेवाओं में शामिल हुई और तत्कालीन मुख्यमंत्री **सी. राजगोपालाचारी** के तहत मद्रास कैडर में नियुक्त हुईं। उन्होंने बाद में आर.एन. मल्होत्रा से विवाह किया, जिन्होंने



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

भारतीय रिजर्व बैंक (वर्ष 1985 से 1990 तक) के गवर्नर के रूप में कार्य किया था।

11. अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व ओडिशा मंत्री **दोला गोबिंदा प्रधान का** भुवनेश्वर में निधन हो गया।
**नोट:** महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित होकर उन्होंने वर्ष 1942 में स्कूल छोड़ दिया और भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल हो गए। श्री प्रधान वर्ष 1989 से 1990 तक मंत्री थे।

12. वियतनाम के राष्ट्रपति **त्रान दाई क्वांग** का हनोई में गंभीर बीमारी के कारण निधन हो गया।
**नोट:** वर्ष 2011 में, उन्हें सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था, जो वस्तुत: वियतनाम के शीर्ष कानून प्रवर्तन अधिकारी के रूप में कार्यरत थे।क्वांग वर्ष 2016 की कम्युनिटी पार्टी कांग्रेस के बाद वियतनाम के राष्ट्रपति बने।

13. प्रसिद्ध फिल्म निर्मात्री **कल्पना लाजमी** का मुंबई स्थित कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में निधन हो गया।
**नोट:** वह अपनी महिला आधारित फिल्मों जैसे 'रुदाली', 'दामन', 'दर्मियान' के लिए प्रसिद्ध थीं।निर्देशक के रूप में लाजमी की अंतिम फिल्म वर्ष 2006 की "चिंगारी" थी, जो भूपेन हजारिका के उपन्यास "द प्रोस्टीट्यूट एंड द पोस्टमैन" पर आधारित थी, जो उनके साथी थे।

14. बी.सी.सी.आई के पूर्व अध्यक्ष **बिश्वनाथ दत्त** का फेफड़ों के संक्रमण से निधन हो गया।
**नोट:** श्री दत्त भारतीय क्रिकेट बिरादरी में जगमोहन डालमिया के सलाहकार के रूप में जाने जाते थे।वर्ष 1982 -88 तक मूल निकाय के उपाध्यक्ष के रूप में छः वर्ष के कार्यकाल के बाद दत्त वर्ष 1989 में बी.सी.सी.आई अध्यक्ष थे।

15. प्रसिद्ध हिंदी कमेंटेटर **जसदेव सिंह** का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।
**नोट:** उन्होंने वर्ष 1955 में जयपुर स्टेशन पर अखिल भारतीय रेडियो में अपने करियर की शुरूआत की थी।उन्होंने 48 वर्षों तक (वर्ष 1963 से) गणतंत्र दिवस समारोह की भी कमेंट्री की।श्री जसदेव सिंह का जन्म 18 मई, 1931 को राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के बोनली गांव में हुआ था।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. शिक्षाविद् और पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न **डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन** के जन्मदिन पर **शिक्षक दिवस** पूरे देश में **5 सितंबर को** मनाया जाता है।
**नोट:** डॉ. राधाकृष्णन भारत के **पहले उप-राष्ट्रपति** और **दूसरे राष्ट्रपति** थे।उप-राष्ट्रपति **एम. वेंकैया नायडू** ने शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में 45 शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया।वर्ष 1958 में स्थापित पुरस्कारों में एक रजत पदक, एक प्रमाण पत्र, और पचास हजार रुपये नकद शामिल था।

2. अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस (आई.एल.डी) दुनिया भर में हर वर्ष **8 सितंबर को** मनाया जाता है।
**नोट:** यह दिवस निरक्षरता उन्मूलन और वयस्क शिक्षा कार्यक्रमों के पक्ष में पर्यावरण निर्माण हेतु जन जागरूकता बढ़ाता है। इस वर्ष का विषय 'साक्षरता एवं कौशल विकास' है। यूनेस्को ने 26 अक्टूबर, 1966 को अपनी 14वीं बैठक में 8 सितंबर की तारीख को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में घोषित किया।

3. विश्व आत्महत्या निषेध दिवस (डब्ल्यू.एस.पी.डी) **10 सितंबर को** मनाया जाता है।
**नोट:** यह दिवस दुनिया भर में आत्महत्या निवारण के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए मनाया जाता है।डब्ल्यू.एस.पी.डी अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या निषेध संघ (आई.ए.एस.पी) द्वारा आयोजित किया जाता है। वर्ष



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

2018 का विषय "आत्महत्या को रोकने के लिए साथ मिलकर काम करना" (Working Together to Prevent Suicide) है।

4. राष्ट्रीय हिंदी दिवस **14 सितंबर को** मनाया जाता है।
**नोट:** राजभाषा पुरस्कार गृह मंत्रालय के आधिकारिक भाषा विभाग द्वारा हिंदी के क्षेत्र में मंत्रालयों, विभागों और राष्ट्रीयकृत बैंकों के उत्कृष्ट योगदान की पहचान के लिए स्थापित किए गए थे। वर्ष 1949 में, आज के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था।

5. दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस **15 सितंबर को** मनाया जाता है।
**नोट:** वर्ष 2018 का विषय 'तनाव के तहत लोकतंत्र: एक बदलते विश्व के लिए समाधान' (Democracy under Strain: Solutions for a Changing World) है।**संयुक्त राष्ट्र महासभा** (यू.एन.जी.ए) ने वर्ष 2007 में, लोकतंत्र के सिद्धांतों को बढ़ावा देने और बनाए रखने के उद्देश्य से 15 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया।

6. भारत के महानतम इंजीनियरों में से एक **सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या** के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष अभियंता दिवस (Engineers Day) **15 सितंबर को** मनाया जाता है।
**नोट:** मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या एक भारतीय अभियंता, विद्वान, राजनेता और वर्ष 1912 से 1918 तक मैसूर के दीवान थे।वह भारत के सर्वोच्च सम्मान, भारत रत्न (वर्ष 1955) के प्राप्तकर्ता हैं।

7. अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस हर वर्ष **16 सितंबर को** मनाया जाता है।
**नोट:** ओजोन परत गैसों का एक नाजुक कवच है जो पृथ्वी को सूर्य के हानिकारक पराबैंगनी विकिरण से बचाती है और इस प्रकार ग्रह पर जीवन संरक्षण में सहायता करती है। इस वर्ष, दिवस का विषय 'Keep Cool and Carry On: The Montreal Protocol' है।

8. अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस दुनिया भर में वार्षिक रूप से **21 सितंबर को** मनाया जाता है।
**नोट:** वर्ष 2018 का विषय "शांति का अधिकार - 70 पर मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा" (The Right to Peace - The Universal Declaration of Human Rights at 70) है।यह विषय मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा की 70वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। वर्ष 1981 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा (यू.एन.जी.ए) ने 21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के रूप में चुना था।

9. विश्व अल्जाइमर दिवस हर वर्ष **21 सितंबर को** मनाया जाता है।
**नोट:** यह दिवस अल्जाइमर और डिमेंशिया के बारे में जागरूकता फैलाता है।अल्जाइमर रोग (मानसिक रोग) डिमेंशिया का सबसे आम रूप है, जो विकारों का एक समूह है जिससे मानसिक कार्य में बाधा उत्पन्न होती है।

10. अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस (आई.डी.एस.एल) हर वर्ष दुनिया भर में **23 सितंबर को** मनया जाता है।
**नोट:** पहला अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस वर्ष 2018 में "सांकेतिक भाषा के साथ, हर कोई सम्मलित है!" (With Sign Language, Everyone is Included) विषय के तहत मनाया गया है। 23 सितंबर तारीख का चयन उसी दिन को दर्शाता है जिस दिन वर्ष 1951 में डब्ल्यू.एफ.डी की स्थापना हुई थी।

11. विश्व पर्यटन दिवस (डब्ल्यू.टी.आई) **27 सितंबर** को मनाया जाता है।
**नोट:** इस दिवस का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के मन में पर्यटन की भूमिका पर जागरूकता फैलाना और यह दुनिया भर में सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक मूल्यों को कैसे प्रभावित करता है, इसका वर्णन करना है।वर्ष 2018 का विषय 'पर्यटन और डिजिटल रूपांतरण' (Tourism and the Digital Transformation) है।



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

12. विश्व समुद्री दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है -- **27 सितंबर (सितंबर का अंतिम गुरुवार)।**
    **नोट:** वर्ष 2018 का विषय 'आई.एम.ओ 70: हमारी विरासत - उज्जवल भविष्य के लिए बेहतर नौपरिवहन' है।
13. विश्व रेबीज दिवस रेबीज रोग और इसके रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए दुनिया भर में **28 सितंबर को** मनाया जाता है।
    **नोट:** विश्व रेबीज दिवस 2018 विषय **'रेबीज: संदेश फैलाएं, जीवन बचाएं'** है। रेबीज एक विषाणुजनित रोग है जो मनुष्यों और अन्य स्तनधारियों में अत्यंत तेज मस्तिष्क की सूजन का कारण बनता है।

## नई नियुक्तियां

1. वोडाफोन आइडिया का पहला सी.ई.ओ **बालेश शर्मा को** नियुक्त किया गया।
   **नोट: कुमार मंगलम बिड़ला** विलय वाली कंपनी के अध्यक्ष हैं। वोडाफोन इंडिया का आइडिया सेल्युलर में विलय कर दिया गया था जिसका नाम बदलकर वोडाफोन आइडिया लिमिटेड रखा गया। वर्तमान में, वोडाफोन ग्रुप की संयुक्त इकाई में 45.2% हिस्सेदारी है, आदित्य बिड़ला समूह की हिस्सेदारी 26% और शेष शेयर जनता के हैं।
2. यस बैंक के एम.डी. के रूप में **राणा कपूर को** पुनर्नियुक्त किया गया।
   **नोट:** बैंक के शेयरधारकों ने तीन वर्ष की अवधि के लिए कपूर की पुनर्नियुक्ति का प्रस्ताव रखा था।
3. भारत के मुख्य न्यायाधीश कौन है -- **न्यायमूर्ति रंजन गोगोई।**
   **नोट: भारत का मुख्य न्यायाधीश** (सी.जे.आई) भारतीय न्यायपालिका और भारत के सर्वोच्च न्यायालय का प्रमुख है। भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 124** सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रणाली प्रदान करता है।
4. पाकिस्तानी उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश के रूप में **न्यायमूर्ति ताहिरा सफदर ने** शपथ ली।
   **नोट:** बलूचिस्तान के राज्यपाल भवन में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति सफदर ने बलूचिस्तान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली।उन्होंने वर्ष 1982 में इतिहास रचा था जब वह बलूचिस्तान में पहली महिला सिविल जज नियुक्त हुई थीं।
5. रक्षा पी.एस.यू हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एच.ए.एल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया -- **आर. माधवन।**
   **नोट:** इससे पहले, वह लखनऊ में एच.ए.एल के उपकरण विभाग का एक कार्यकारी निदेशक के रूप में नेतृत्व कर रहे थे। माधवन ने एयरोस्पेस विनिर्माण के लिए एम.एस.एम.ई विक्रेताओं का विकास करके 'मेक इन इंडिया' पहल में योगदान दिया है। **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड** (एच.ए.एल) राज्य के स्वामित्व वाली भारतीय एयरोस्पेस एवं रक्षा कंपनी है जिसका मुख्यालय बैंगलोर, भारत में है।
6. पाकिस्तान के 13वें राष्ट्रपति **डॉ. आरिफ अल्वी** बने।
   **नोट:** वर्ष 1981 में, वह पहले पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सकीय सम्मेलन के अध्यक्ष थे और 28वें एशिया प्रशांत चिकित्सकीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए थे।पाकिस्तान के संविधान के अनुसार, पाकिस्तान का राष्ट्रति पाकिस्तान इस्लामिक गणराज्य राष्ट्र का मुखिया और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों का नागरिक कमांडर-इन-चीफ होता है।



FREE MOCK TEST for RRB Group D ATTEMPT NOW

7. फरवरी, 2019 से शुरू होने वाले पांच वर्षीय कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति से क्षेत्रीय निदेशक के रूप **डॉ. पूनम खेत्रपाल सिंह को** चुना गया।
**नोट:** यह निर्वाचन डब्ल्यू.एच.ओ दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय समिति की जारी बैठक में किया गया।डॉ. सिंह भारतीय लोक सेवा, विश्व बैंक और डब्ल्यू.एच.ओ में एक शानदार करियर के बाद डब्ल्यू.एच.ओ दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला हैं।
8. केंद्र सरकार ने **अंशुला कांत को** भारतीय स्टेट बैंक (एस.बी.आई) के प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्त किया है।
**नोट:** वर्तमान में, वह एस.बी.आई की उप-प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी (सी.एफ.ओ) हैं। इस नियुक्ति के साथ एस.बी.आई के चार प्रबंध निदेशक - अंशुला कांत, पी.के. गुप्ता, डी.के. खारा और अरिजीत बसु हो गए हैं।
9. एच.डी.एफ.सी लाइफ ने अपने नए प्रबंध निदेशक (एम.डी) और सीईओ के रूप में **विभा पडलकर को** नियुक्त किया है।
**नोट:** वर्तमान में विभा पडलकर एच.डी.एफ.सी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस की कार्यकारी निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी हैं।एच.डी.एफ.सी लाइफ (एच.डी.एफ.सी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी) दीर्घकालिक जीवन बीमा प्रदाता कंपनी है, जो व्यक्तिगत एवं समूह बीमा प्रदान करती है, इसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है।
10. एक्सिस बैंक के प्रबंध निदेशक और सी.ई.ओ के रूप में तीन वर्ष की अवधि के लिए **अमिताभ चौधरी को** नियुक्त किया गया है।
**नोट:** श्री चौधरी जनवरी, 2010 से एच.डी.एफ.सी लाइफ से जुड़े हुए हैं।वह 31 दिसंबर, 2018 को शिखा शर्मा के सेवानिवृत्त होने के बाद भारत के तीसरे सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक में पदभार संभालेंगे।
11. **नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड** (एन.आई.सी) के नए अध्यक्ष के साथ-साथ प्रबंध निदेशक के पद पर **ताजिंदर मुखर्जी को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** इससे पहले, वह न्यू इंडिया एश्योरेंस की महाप्रबंधक और मुख्य हामीदार अधिकारी थीं।नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एन.आई.सी.एल) भारत की एक राज्य स्वामित्व वाली जनरल इंश्योरेंस कंपनी है, जिसका मुख्यालय कोलकाता में है।
12. सूडान के नए प्रधान मंत्री **मुताज मूसा अब्दुल्ला** बने।
**नोट:** सूडान की राजधानी खार्तूम स्थित राष्ट्रपति भवन में 21 सदस्यीय मंत्रिमंडल ने शपथ ग्रहण की।मूसा अब्दुल्ला देश की संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए वित्त मंत्री का पोर्टफोलियो भी देख रहे हैं।
13. **भारतीय स्टेट बैंक** के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सी.एफ.ओ) का पदभार **प्रशांत कुमार ने** संभाला है।
**नोट:** एक मुख्य वित्तीय अधिकारी (सी.एफ.ओ) एक वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी है जो किसी कंपनी के वित्तीय कार्यों के प्रबंधन के लिए उत्तरदायी होता है।
14. परमाणु ऊर्जा विभाग (डी.ए.ई) के सचिव और परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त प्रख्यात वैज्ञानिक -- **कमलेश नीलकंठ व्यास।**
**नोट: परमाणु ऊर्जा आयोग** भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग (डी.ए.ई) का शासी निकाय है।डी.ए.ई प्रधान मंत्री के प्रत्यक्ष प्रभार के अधीन है।
15. केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के सचिव पद पर नियुक्त वरिष्ठ आई.ए.एस अधिकारी -- **अनिन्दो मजूमदार।**



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

**नोट:** यह क्षेत्र में शोध करने वाले स्वायत्त राष्ट्रीय संस्थानों को वित्तीय सहायता भी देता है और इसके अंतर्गत कई अन्य संगठन हैं।

16. इब्राहीम मोहम्मद सोलिह ने **मालदीव** का राष्ट्रपति चुनाव जीता।

**नोट:** मालदीव एक दक्षिण एशियाई स्वतंत्र राष्ट्र है, जो अरब सागर में स्थित हिंद महासागर में है।मालदीव का राष्ट्रपति मालदीव गणराज्य का राष्ट्र प्रमुख और सरकार का प्रमुख होता है, और वह मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल का कमांडर-इन-चीफ है।

17. भारतीय इस्पात प्राधिकरण (SAIL) का नया अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक **अनिल कुमार चौधरी को** नियुक्त किया गया।

**नोट:** वर्तमान में, श्री चौधरी SAIL में निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यरत हैं। SAIL भारत में सबसे बड़ी इस्पात निर्माता कंपनी है और देश के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के सात महारत्नों में से एक है।

18. नेपाल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किस भारतीय अभिनेत्री को चार साल के लिए सद्भावना राजदूत नियुक्त किया गया है -- **जया प्रदा।**

**नोट:** नेपाल सरकार ने वर्ष 2020 को 'विज़िट नेपाल ईयर' अभियान के रूप में मनाने का फैसला किया है।भारत पर्यटन के संदर्भ में नेपाल के लिए एक बड़ा स्रोत बाजार है और नियुक्ति से इस क्षेत्र में मजबूत आधार निर्माण और दोनों देशों के बीच पर्यटन से संबंधित गतिविधियों को बढ़ाने में सहायक मिलने की उम्मीद है।

19. सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वोच्च न्यायालय के किस न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में समिति गठित की है, जो पूरे देश में जेलों की समस्याओं को देखेगी और उनसे निपटने के उपायों का सुझाव देगी -- **अमिताव रॉय।**

**नोट:** सरकारी अधिकारी समिति की सहायता करेंगे और निर्धारित समय अवधि में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

20. केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश **न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई** की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय लोकपाल खोज समिति गठित की है।

**नोट: ए. सूर्य प्रकाश** (प्रसार भारती के अध्यक्ष), **अरुंधति भट्टाचार्य** (पूर्व एस.बी.आई अध्यक्ष) और **न्यायमूर्ति सुख राम सिंह यादव** समिति के सदस्य होंगे। यह समिति लोकपाल चयन समिति को लोकपाल के अध्यक्ष और सदस्यों के नामों की सिफारिश करेगी।

21. सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ) के महानिदेशक के रूप में **रजनी कांत मिश्रा को** नियुक्त किया गया है।

**नोट:** लगभग दो लाख सशक्त बी.एस.एफ गार्ड पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ लगी भारतीय सीमा के प्रहरी हैं।

22. सशस्त्र सीमा बल (एस.एस.बी) के महानिदेशक के रूप में **एस. एस. देसवाल को** नियुक्त किया गया है।

**नोट:** एस.एस.बी के पास लगभग 90,000 सैनिक हैं, जो नेपाल और बांग्लादेश के साथ भारतीय सीमाओं पर तैनात हैं।

23. ट्राइब्स इंडिया के ब्रांड एंबेसडर के रूप में **एम.सी. मैरी कॉम को** नामित किया गया है।

**नोट:** जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने आदिवासी कलाकृतियों को बढ़ावा देने के लिए "पंच तंत्र" संग्रह शुरू किया और मैरी कॉम को "ट्राइब्स इंडिया" के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नामित किया। पंच तंत्र एक विशिष्ट संग्रह है, जिसमें नैतिक और पारंपरिक आदिवासी हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों की एक श्रृंखला शामिल है, समारोह के दौरान इसका भी अनावरण किया गया था।

24. प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पी.टी.आई) के अध्यक्ष के रूप में **रवि को** चुना गया।



FREE MOCK TEST for RRB Group D
ATTEMPT NOW

**नोट:** 70 वर्षीय रवि ने एक्सप्रेस ग्रुप के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक विवेक गोयनका की जगह ली।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. इस वर्ष के प्रतिष्ठित **डॉ. बी.सी. रॉय अवॉर्ड** के लिए **डॉ. बी.के. मिश्रा का** नाम दिया गया है।
   **नोट:** वर्तमान में, ओडिशा के डॉ. मिश्रा हिंदुजा अस्पताल, मुंबई में न्यूरोसर्जरी और गामा नाइफ रेडियो सर्जरी विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं।उन्हें यह पुरस्कार राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** द्वारा 1 जुलाई, 2019 (राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस) को दिया जाएगा।इस पुरस्कार का नाम भारतीय राज्य पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री **डॉ. बिधान चंद्र रॉय** के नाम पर रखा गया है।
2. वर्ष 2018-19 के लिए भारतीय बैंक संघ (आई.बी.ए) के अध्यक्ष के रूप में **सुनील मेहता को** चुना गया।
   **नोट: बैंक ऑफ इंडिया** के प्रबंध निदेशक और सी.ई.ओ **'दीनबंधु महापात्रा'** को आई.बी.ए का **उपाध्यक्ष** चुना गया है। भारतीय बैंक संघ का प्रबंधन एक प्रबंधन समिति द्वारा किया जाता है, और वर्तमान प्रबंधन समिति में एक अध्यक्ष, 3 उपाध्यक्ष, 1 मानद सचिव और 26 सदस्य होते हैं।
3. सऊदी अरब में रिलीज होने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म -- **गोल्ड।**
   **नोट:** फिल्म गोल्ड वर्ष 1948 के लंदन ओलंपिक में भारत की प्रतिष्ठित जीत की एक काल्पनिक पुर्नकथा है।यह फिल्म **रजनीकांत** की सामाजिक नाटक पर आधारित फिल्म "काला" के बाद खाड़ी देश के सिनेमाघरों में दिखाई जाने वाली दूसरी फिल्म है।सऊदी अरब ने इस वर्ष मई में अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक फिल्म "ब्लैक पैंथर" की एक प्राइवेट स्क्रीनिंग आयोजित की थी ताकि राज्य के फिल्म थिएटरों में लॉन्च की शुरुआत की जा सके और उन्हें आम जनता के लिए खोला जा सके।
4. समाज के प्रति किए गए अपने मानवतावादी कार्य के लिए मानवाधिकार अभियान (एच.आर.सी) राष्ट्रीय समानता पुरस्कार से सम्मानित -- **ऐनी हैथवे।**
   **नोट:** इससे पहले, हैथवे को कार्य स्थल पर महिलाओं को समानता का समर्थन करने वाले अपने कार्य के लिए संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक महिला राजदूत नियुक्त किया गया था।
5. प्रतिष्ठित **यू.एन. इंटरैजेंसी टास्क फोर्स** (UNIATF) अवॉर्ड से **श्री मनोज झलानी** को सम्मानित किया गया।
   **नोट:** उन्हें गैर-संक्रामक बीमारियों (एन.सी.डी) और उससे संबंधित सतत विकास लक्ष्यों की रोकथाम और नियंत्रण के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए चुना गया है।श्री झलानी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एवं मिशन निदेशक हैं।
6. **सवाई सिंह शेखावत** को हिंदी साहित्य में उनके योगदान के लिए राजनीति साहित्य अकादमी द्वारा मीरा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
   **नोट:** शेखावत को उनकी काव्य रचना, **'निज कवि धातु बचाई मैने'** के लिए मीरा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
7. मलेशिया के लैंगकावी में आयोजित एक शानदार समारोह में अपने अभिनव विपणन अभियानों के लिए **पैसेफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन गोल्ड अवॉर्ड** (पीएटीए) के दो प्रतिष्ठित गोल्ड अवॉर्ड **केरल पर्यटन ने** जीते।
   **नोट: सुदेशना रामकुमार** (सहायक निदेशक, भारत पर्यटन सिंगापुर) ने केरल पर्यटन की ओर से पुरस्कार प्राप्त किए। पहला गोल्ड अवॉर्ड खाड़ी देशों में 'यल्ला केरल' यात्रा विज्ञापन प्रिंट मीडिया अभियान के लिए दिया गया।पी.ए.टी.ए अवॉर्ड चार प्रमुख श्रेणियों में उत्कृष्ट



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

प्रविष्टियों को प्रदान किए जाते हैं: विपणन; शिक्षा एवं प्रशिक्षण; पर्यावरण, और विरासत एवं संस्कृति।

8. कौशल भारत मिशन को प्रोत्साहन और समर्थन देने के लिए कौन से बॉलीवुड स्टार इस अभियान से जुड़े -- **वरुण धवन और अनुष्का शर्मा।**
**नोट:** वे देश के विभिन्न हिस्सों में अभियान के साथ जुड़कर भारतीय लोगों की कुशल प्रतिभा और उनके अच्छे काम को बढ़ावा देने के लिए अपना समय देंगे। कौशल भारत अभियान का उद्देश्य अनेक भारतीय युवाओं को उद्योग-प्रासंगिक कौशल प्रशिक्षण लेने में सक्षम बनाना है जो उन्हें बेहतर आजीविका हासिल करने में मदद करेगा।

9. **'मैक्सिकन ऑर्डर ऑफ़ द एज़्टेक ईगल'** से **डॉ. रघुपति सिंघानिया को** सम्मानित किया गया।
**नोट:** 'मैक्सिकन ऑर्डर ऑफ़ द एज़्टेक ईगल' मैक्सिको सरकार द्वारा गैर-राष्ट्रीय नागरिकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। डॉ. सिंघानिया जे.के. टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं। सर्वोच्च सम्मान ने डॉ. सिंघानिया के भारत और मैक्सिको के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के अनुकरणीय नेतृत्व और प्रयासों को मान्यता प्रदान दी।

10. 40 मिलियन से अधिक यात्रियों (एम.पी.पी.ए) को संभालने के लिए एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (ए.एस.क्यू) पुरस्कार 2017 द्वारा **सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे** का खिताब **इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (आई.जी.आई.ए) ने** जीता।
**नोट:** यह पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन परिषद (ए.सी.आई) द्वारा दिया गया।अब, दिल्ली हवाई अड्डा एशिया का सातवां सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डा और विश्व के शीर्ष 20 व्यस्ततम हवाई अड्डों में से एक है।

11. इंटरनेशनल 'रॉयल सोसाइटी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ एक्सीडेंट' (आर.ओ.एस.पी.ए) पुरस्कार प्राप्त करने वाला भारत का पहला मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन -- **लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एल.एम.आर.सी)।**
**नोट:** एल.एम.आर.सी को वर्ष 2018 के लिए परियोजना/अवसंरचना श्रेणी में अपने चरण 1A (उत्तर-दक्षिण गलियारा) हेतु रजत पुरस्कार दिया गया। RoSPA एक ब्रिटिश चैरिटी ऑर्गनाइजेशन है जिसका उद्देश्य दुनिया भर में परियोजना निष्पादन में दुर्घटनाओं से सुरक्षा और रोकथाम को बढ़ावा देना है।

12. सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म श्रेणी में ऑस्कर 2019 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि प्राप्त करने वाली असमिया फिल्म -- **विलेज रॉकस्टार्स।**
**नोट:** विलेज रॉकस्टार्स एक युवा लड़की धुनू (10 वर्षीय) की कहानी है जो एक गिटारवादक बनना चाहती है। विलेज रॉकस्टार्स जहानू बरुआ की वर्ष 1987 की फिल्म 'हलोधिया चोराए बौधान खाई' के बाद राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए स्वर्ण कमल जीतने वाली दूसरी असमिया फिल्म है। वर्ष 2018 ऑस्कर के लिए, राजकुमार राव और पंकज त्रिपाठी अभिनीत 'न्यूटन' को सर्वोच्च सम्मान के लिए रखा गया था।

13. अमृत के तहत ईज़ ऑफ लिविंग इंडेक्स में पहला स्थान हासिल करने वाला राज्य -- **आंध्र प्रदेश।**
**नोट: आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय** (एम.ओ.एच.यू.ए) द्वारा शुरू किए गए **"ईज़ ऑफ लिविंग इंडेक्स-2018"** रैंकिंग के संदर्भ में **आंध्र प्रदेश** ने सभी राज्यों के बीच शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसके बाद ओडिशा और मध्य प्रदेश का स्थान है। तीन राज्यों को ईज़ ऑफ लिविंग इंडेक्स, 2018 पर राष्ट्रीय प्रसार कार्यशाला में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों के रूप में सम्मानित किया गया।

14. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के समर्थन के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रतिष्ठित सर्वोच्च पर्यावरण पुरस्कार से किन्हें सम्मानित किया गया -- **नरेंद्र मोदी और इमैनुएल मैक्रॉन।**
**नोट:** यह पुरस्कार पर्यावरणीय कार्यों में सहयोग के नए क्षेत्रों को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी सम्मानित करता है।कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (वर्ष 2015 में विश्व का



FREE MOCK TEST for RRB Group D
ATTEMPT NOW

पहला पूर्णतया सौर संचालित हवाई अड्डा) को भी इस वर्ष संवहनीय ऊर्जा के उपयोग में अगुआई हेतु उपक्रम दूरदर्शिता (Entrepreneurial Vision) के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।इस वर्ष के विजेताओं को हमारे समय के कुछ सबसे आवश्यक पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने के लिए निर्भीक, अभिनव और अथक प्रयासों के संयोजन हेतु सम्मानित किया गया है।

15. प्रतिष्ठित राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार 2018 के लिए **विराट कोहली और मीराबाई चानू को** चुना गया।

**नोट:** राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार एक खिलाड़ी द्वारा चार वर्ष की अवधि में खेल के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। **विराट कोहली** (29-वर्षीय) ने 71 टेस्ट मैचों में 23 शतकों के साथ 6147 रन और 211 एकदिवसीय मैचों में 35 शतकों के साथ 9779 रन बनाए हैं। **चानू** (24 वर्ष) को पिछले वर्ष विश्व चैंपियनशिप के 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया था।

- **अर्जुन पुरस्कार (20):** नीरज चोपड़ा, जिन्सन जॉनसन और हिमा दास (एथलेटिक्स), एन. सिक्की रेड्डी (बैडमिंटन), सतीश कुमार (मुक्केबाजी), स्मृति मंदाना (क्रिकेट); शुभंकर शर्मा (गोल्फ), मनप्रीत सिंह और सविता (हॉकी), रवि राठौर (पोलो), राही सरणोबत, अंकुर मित्तल और श्रेयसी सिंह (निशानेबाजी), मनिका बत्रा और जी. साथियान (टेबल टेनिस), रोहन बोपन्ना (टेनिस); सुमित (कुश्ती), पूजा कादियान (वुशु), अंकुर धामा (पैरा-एथलेटिक्स), मनोज सरकार (पैरा-बैडमिंटन)।
- **राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार** विजेता को 7.5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक पदक और एक उद्धरण मिलेगा।
- **द्रोणाचार्य, अर्जुन** और **ध्यान चंद पुरस्कार** विजेताओं को पांच लाख रुपये का नकद पुरस्कार, मूर्ति, प्रमाण पत्र मिलेगा।

| **क्रमांक** | **द्रोणाचार्य पुरस्कार – 2018** | **ध्यानचंद पुरस्कार – 2018** |
|---|---|---|
| 1. | एस.सी. अचैया कुट्टप्पा (मुक्केबाजी) | सत्य देव प्रसाद (तीरंदाजी) |
| 2. | श्री विजय शर्मा (भारोत्तोलन) | भरत कुमार छेत्री (हॉकी) |
| 3. | श्री ए. श्रीनिवास राव (टेबल टेनिस) | बॉबी एलॉयसियस (एथलेटिक्स) |
| 4. | सुखदेव सिंह पन्नू (एथलेटिक्स) | चौगले दादू दत्तात्रेय (कुश्ती) |
| 5. | क्लैरेंस लोबो हॉकी (लाइफ टाइम) | - |
| 6. | तारक सिन्हा क्रिकेट (लाइफ टाइम) | - |
| 7. | जीवन कुमार शर्मा जूडो (लाइफ टाइम) | - |
| 8. | वी.आर. बीडू एथलेटिक्स (लाइफ टाइम) | - |

## खेल समाचार



FREE MOCK TEST for RRB Group D ATTEMPT NOW

1. एशियाई खेल 2018 में पुरुषों के **49 किलोग्राम वर्ग** में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय मुक्केबाज -- **अमित पंघाल।**
   **नोट:** वह ओलंपिक चैंपियन हसनबॉय दुश्मातोव (उजबेकिस्तान) को पराजित किया।भारत के **प्रणव बर्धान** (60 वर्षीय) और **शिवनाथ सरकार** (56 वर्ष) ने एशियाई खेल 2018 की ब्रिज फाइनल प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
2. बुडापेस्ट में आयोजित विश्व युवा मुक्केबाजी के **57 किलोग्राम वर्ग** में स्वर्ण पदक **साक्षी चौधरी ने** जीता।
   **नोट:** उन्होंने निकोलिना कासिक (क्रोएशिया) को हराया। मनीषा और अनामिका को क्रमश: 64 किलोग्राम और 51 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। ए.आई.बी.ए युवा विश्व चैम्पियनशिप ए.आई.बी.ए द्वारा 15-17 वर्ष की आयु वाले "युवा" प्रतियोगियों के लिए आयोजित एक मुक्केबाजी चैम्पियनशिप प्रतियोगिता है।
3. 6 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतने के बाद 2018 इंडोनेशिया एशियाई खेलों की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (Most Valuable Player (MVP)) चुनी गई जापान की युवा तैराक -- **रिकाको इकी।**
   **नोट:** उन्होंने 50 मीटर और 100 मीटर फ्रीस्टाइल प्रतिस्पर्धा, 50 मीटर और 100 मीटर बटरफ्लाई प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ 4x100 मीटर फ्रीस्टाइल और मेडले रिले प्रतिस्पर्धा जीती। रिकाको इकी यह पुरस्कार हासिल करने वाली पहली महिला विजेता है, जो बैंकाक में आयोजित वर्ष 1998 के संस्करण के बाद से हर खेल में प्रदान किया गया है।
4. केनिंगटन ओवल, लंदन में भारत के खिलाफ होने वाले पांचवें टेस्ट के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने वाले इंग्लैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले शीर्ष खिलाड़ी -- **एलिस्टेयर कुक।**
   **नोट:** कुक 12,254 रन (32 शतक) के साथ टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले छठे खिलाड़ी हैं। वह 12,000 टेस्ट रन (दुनिया में छठे और इंग्लैंड के एकमात्र) पूरे करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। बाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने 59 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड का नेतृत्व किया।
5. क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास की घोषणा करने वाले भारतीय मध्यक्रम के पूर्व बल्लेबाज -- **सुब्रमण्यम बद्रीनाथ।**
   **नोट:** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में, वे विदर्भ के कप्तान और उससे पहले तमिलनाडु के कप्तान थे। उन्होंने 145 प्रथम श्रेणी क्रिकेट और टेस्ट (2), ओ.डी.आई (7) और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय (1) में कुल 10,245 रन बनाए हैं।
6. 2020 ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने वाली पहली भारतीय निशानेबाज जोड़ी -- **अंजुम मोदगिल और अपूर्वी चंदेला।**
   **नोट:** मोदगिल (24 वर्षीय) ने कुल 248.4 अंक हासिल करके दक्षिण कोरिया के चांगवन में आयोजित **अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ** (आई.एस.एस.एफ) विश्व चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल प्रतिस्पर्धा में रजत पदक जीता। चंदेला ने इसी प्रतिस्पर्धा में 207 अंक हासिल करके चौथा स्थान हासिल किया।
7. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास की घोषणा करने वाले पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज -- **रुद्र प्रताप सिंह।**
   **नोट:** उन्होंने सभी तीन प्रारूपों में 82 मैचों में 100 से अधिक विकेट लिए हैं। वह भारत की वर्ष 2007 की विश्व टी-20 जीत के नायकों में से एक थे और उन्होंने उस वर्ष पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की टेस्ट मैच जीत में प्रमुख भूमिका निभाई थी।
8. केंद्रीय खेल मंत्री **राज्यवर्धन सिंह राठौर** ने एथलीटों को कड़ी मेहनत करने और पदकों का प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए किस भारतीय एथलीट को 10 लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया -- **गोविंदन लक्ष्मणन।**



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

**नोट:** इससे पहले, 10,000 मीटर दौड़ में लक्ष्मण (लंबी दूरी के धावक) को तीसरा स्थान प्राप्त करने के बाद नाटकीय रूप से अयोग्य घोषित किया गया था।

9. दक्षिण कोरिया के चांगवान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व चैम्पियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज -- **ओम प्रकाश मिथरवाल।**

   **नोट:** उन्होंने 50 मीटर पिस्टल प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक का जीता। रजत पदक दामिर माइक (सर्बिया) ने हासिल किया, जबकि कांस्य पदक डेम्युंग ली (दक्षिण कोरिया) को मिला।

10. भारत ने अपने एशियाई खेल 2018 अभियान को टूर्नामेंट में अब तक के सर्वाधिक पदकों के साथ समाप्त किया -- **69 पदक।**

    **नोट:** भारत ने ग्वांगजू में आयोजित एशियाई खेलों के वर्ष 2010 के संस्करण में हासिल 65 पदकों के अपने पिछले रिकॉर्ड को पार किया। **रानी रामपाल** (भारतीय महिला हॉकी कप्तान) देश की ध्वजवाहक रहीं। 10,000 से अधिक एथलीटों ने 2018 एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, अपने देशों के लिए पदक जीते। 28 देशों के एथलीटों ने 465 स्वर्ण पदक जीते। चीन 132 स्वर्ण पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।

11. दक्षिण कोरिया के चांगवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आई.एस.एस.एफ) निशानेबाजी विश्व चैम्पियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक **सौरभ चौधरी ने** जीता।

    **नोट: अर्जुन सिंह चीमा** ने 218 के अंक के साथ उसी प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीता जबकि कोरिया के होजिन लिम ने रजत पदक जीता।भारत ने जूनियर पुरुष ट्रैप टीम प्रतिस्पर्धा में रजत पदक भी जीता।

12. यू.एस. ओपन पुरुष एकल खिताब 2018 **नोवाक जोकोविच ने** जीता।

    **नोट:** सर्बिया के **नोवाक जोकोविच** (31-वर्षीय) ने न्यूयॉर्क (अमेरिका) में आयोजित यू.एस. ओपन पुरुष टेनिस टूर्नामेंट -2018 हासिल करने के लिए अर्जेंटीना के जुआन मार्टिन डेल पोत्रो को 6-3, 7-6 (4), 6-3 से पराजित किया। यह जोकोविच का 14वां ग्रैंड स्लैम खिताब और तीसरा यू.एस. ओपन खिताब था।

13. यू.एस. ओपन महिला एकल खिताब 2018 **नाओमी ओसाका** ने जीता।

    **नोट:** जापान की **नाओमी ओसाका** (20-वर्षीय) ने यू.एस. ओपन 2018 का महिला एकल खिताब हासिल किया।उन्होंने अमेरिका की सेरेना विलियम्स को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराकर ग्रैंड स्लैम जीता।

14. आई.ए.ए.एफ कॉन्टिनेंटल कप में पदक जीतने वाले पहला भारतीय खिलाड़ी--**अरपिंदर सिंह।**

    **नोट:** ट्रिपल जंप खिलाड़ी **अरपिंदर सिंह** (25 वर्षीय) चेक गणराज्य के ओस्त्रावा में आयोजित आई.ए.ए.एफ कॉन्टिनेंटल कप में पदक (कांस्य पदक) जीतने वाले पहले भारतीय बने।यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका और एशिया-प्रशांत के चार क्षेत्रों के दो शीर्ष एथलीट पुरुष एवं महिला वर्गों में से प्रत्येक की 36 प्रतिस्पर्धाओं में भाग ले रहे थे।

15. दक्षिण कोरिया के चांगवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आई.एस.एस.एफ) विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की डबल ट्रैप प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक **अंकुर मित्तल** ने जीता।

    **नोट:** विश्व कप में कई पदक जीतने वाले इस भारतीय विजेता ने चीन के यियांग यांग और स्लोवाकिया के हबर्ट आंद्रजेज के साथ स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करने हेतु शूट-ऑफ में 150 में से 140 निशाने सही लगाए।अंकुर ने हमवतन खिलाड़ी **मोहम्मद असाब** और **शार्दूल विहान** के साथ इस प्रतियोगिता में टीम कांस्य पदक भी जीता, उनके कुल 409 अंक चीन के 410 और स्वर्ण विजेता टीम इटली के 411 अंक से पीछे रहे।



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

**16.** दलीप ट्रॉफी 2018 का 57वां संस्करण जीतने के लिए मौजूदा चैंपियन इंडिया रेड को किसने हराया -- **इंडिया ब्लू।**

**नोट: इंडिया ब्लू** ने तमिलनाडु के डिंडीगुल में दलीप ट्रॉफी के फाइनल में इंडिया रेड (मौजूदा चैंपियन) को एक पारी और 187 रनों से पराजित करके ट्रॉफी हासिल की। दलीप ट्रॉफी भारत के भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों के बीच भारत में खेली जाने वाली घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट प्रतियोगिता है। टूर्नामेंट में तीन टीमों, अर्थात् इंडिया रेड, इंडिया ब्लू एंड इंडिया ग्रीन के बीच मुकाबला होता है।

**17.** वर्ष 2017-18 का यूएफा पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड **लुका मॉड्रिक को** प्रदान किया गया।

**नोट**: मॉड्रिक ने मैड्रिड टीम के पूर्व साथी खिलाड़ी **क्रिस्टियानो रोनाल्डो** और लिवरपूल के फॉरवर्ड खिलाड़ी **मोहम्मद सलाह** को पीछे छोड़ा। यूएफा (UEFA) का पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड फुटबॉल के लिए दिया जाने वाला एक फुटबॉल संघ पुरस्कार है जो यूरोप में किसी फुटबॉल क्लब के लिए खेल रहे खिलाड़ी को पिछले सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु दिया जाता है।

**18.** 12 वर्ष के एक शानदार करियर के बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से सन्यास की घोषणा करने वाले भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान -- **सरदार सिंह।**

**नोट**: उन्होंने (आमतौर पर सेंटर हॉफ की पोजीशन पर खेलते हैं) भारत के लिए 350 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय मैचे खेले हैं और वर्ष 2008 से 2016 तक राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की है।उन्हें अर्जुन पुरस्कार (वर्ष 2012 में) और पद्मश्री ( वर्ष 2015 में) से भी सम्मानित किया जा चुका है।सरदार का जन्म हरियाणा के गांव संत नगर (सिरसा जिला) में एक आर.एम.पी चिकित्सक गुरनाम सिंह और एक गृहिणी जसवीर कौर के घर में हुआ था।

**19.** दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्व निशानेबाजी चैम्पियनशिप में जूनियर पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल प्रतिस्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक **उदयवीर सिंह ने** जीता।

**नोट**: उदयवीर सिंह ने व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक के लिए अमेरिका के हेनरी लेवरेट और कोरिया के ली. जेइक्यून पर बढ़त बनाते हुए 587 अंक अर्जित किए।

20. 48 किलोग्राम वर्ग में वर्ष का तीसरा स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पांच बार की विश्व मुक्केबाजी चैंपियन -- **एम.सी. मैरी कॉम।**

**नोट**: मैरी कॉम कजाकिस्तान के एगेरिम कसानायेवा के खिलाफ मैच खेला और एक अच्छे प्रदर्शन के साथ 5-0 से मैच जीता।ज्योति गुलिया ने ग्लीवाइस, पोलैंड में आयोजित सिलेसियन ओपन महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट के 51 किलोग्राम युवा वर्ग में देश का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता।

**21.** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आयोजित दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (एस.ए.एफ.एफ) कप 2018 **मालदीव** ने जीता।

**नोट**: मालदीव ने भारत (मौजूदा चैंपियन) को 2-1 से पराजित किया। **दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ** (एस.ए.एफ.एफ) चैंपियनशिप दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ द्वारा शासित पुरुषों की राष्ट्रीय फुटबॉल टीमों की मुख्य एसोसिएशन फुटबॉल प्रतियोगिता है। दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ टूर्नामेंट (एस.ए.एफ.एफ) में सात टीम (बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका) प्रतिस्पर्धा करती हैं।

22. स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही किन भारतीय मुक्केबाजों ने तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित अहमेट कॉमर्ट टूर्नामेंट में सात पदक हासिल किए -- **सिमरनजीत कौर**, **मोनिका** और **भाग्यबति कचारी।**

**नोट**: सिमरनजीत ने तुर्की के सेमा कैलिस्कन को हराकर स्वर्ण जीता। भाग्यबति को टूर्नामेंट का सबसे कुशल मुक्केबाज घोषित किया गया था। मोनिका ने अयेसी कैगिरर (तुर्की) को हराकर स्वर्ण जीता।



FREE MOCK TEST
for RRB Group D
ATTEMPT NOW

**23.** बेलारूस के मिन्स्क में आयोजित मेदवेद अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती टूर्नामेंट के 62 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने वाली रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता -- **साक्षी मलिक।**
**नोट:** साक्षी हंगरी की मेरियाना सस्टिन से 2-6 से हारकर दूसरे स्थान पर रहीं। पूजा धांडे ने 57 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता।

**24.** जर्मनी की राजधानी बर्लिन में एक नया मैराथन विश्व रिकॉर्ड **एलियुड किपचोग ने** कायम किया।
**नोट: एलियुड किपचोग** (2:01:40) ने वर्ष 2014 में केन्या के डेनिस किमेटो द्वारा बर्लिन में बनाए गए पिछले विश्व रिकॉर्ड को 1 मिनट और 18 सेकंड से तोड़ा। केन्या के आमोस किप्रूटो 2:06:23 के साथ दूसरे स्थान पर रहे और विल्सन किपसंग 2:06:48 के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

25. फ्रांस के टेलन्स में आयोजित डेकास्टर इवेंट की डेकास्टर मीट में डेकाथलॉन प्रतिस्पर्धा में 9,126 अंक के साथ एक नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया -- **केविन मेयर।**
**नोट:** मेयर ने पिछले रिकॉर्ड धारक अमेरिका के एश्टन ईटन द्वारा बीजिंग की 2015 विश्व चैम्पियनशिप में बनाए गए 9045 अंकों को पार किया। पेनअल्टीमेट प्रतियोगिता के जेवलिन खेल में फ्रांसिसी खिलाड़ी ने 71.90 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिससे उनके लिए 4 मिनट 49 सेकण्ड में 1500 मीटर के अपने पिछले रिकॉर्ड को पार करना और आसान हो गया।

**26.** सिंगापुर के मरीना बे स्ट्रीट सर्किट में आयोजित सिंगापुर ग्रैंड प्रिक्स में जीत हासिल करने वाले मर्सिडीज के ड्राइवर--**लुईस हैमिल्टन।**
**नोट:** वर्ष 2018 सिंगापुर ग्रैंड प्रिक्स सिंगापुर के मरीना बे स्थित मरीना बे स्ट्रीट सर्किट में आयोजित एक फॉर्मूला वन मोटर कार रेस है।

**27.** वर्ष 2022 में एशियाई पैरा खेलों के चौथे संस्करण की मेजबानी **हांग्जो (चीन)** करेगा।
**नोट:** यह पुष्टि **माजिद राशिद** (ए.पी.सी अध्यक्ष) और **तारेक सोउ** (ए.पी.सी सी.ई.ओ) की हांग्जो यात्रा के बाद हुई। 'बीजिंग' (1990) और गुआंग्जो (2010 में) के बाद एशियाई खेलों की मेजबानी करने वाला हांग्जो तीसरा चीनी शहर होगा। एशियाई पैरा खेल एशियाई पैरालम्पिक समिति द्वारा नियंत्रित एक बहु-खेल प्रतियोगिता है जो हर एशियाई खेलों के चार वर्षों बाद शारीरिक रूप से विकलांग एथलीटों के लिए आयोजित होती है।

**28.** महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप **नई दिल्ली में** आयोजित की जाएगी।
**नोट:** महिला विश्व चैंपियनशिप का पहला संस्करण वर्ष 2001 में अमेरिका के स्क्रैंटन में आयोजित किया गया था।

**29.** जूनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में 86 किग्रा फ्रीस्टाइल में रजत पदक से किसे संतोष करना पड़ा -- **दीपक पुनिया।**
**नोट:** भारत ने सात पदक (4-रजत और 3 कांस्य) के साथ चैंपियनशिप समाप्त की।

30. जापान के कैंटो मोमोटा को हराकर हांग्जो में आयोजित चीन ओपन बैडमिंटन का पुरुष एकल खिताब किसने हासिल किया -- **एंथनी सिनीसुका गिंटिंग।**
**नोट:** स्पेन की **कैरोलीना मारिन** ने महिला एकल खिताब जीतने के लिए चीन की चेन यूफी को 21-18, 21-13 से हराया।पिछले सप्ताह घरेलू मैदान पर जापान ओपन का खिताब जीतने वाले मोमोटा (तीसरे वरीयता प्राप्त) को विश्व के 13वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी गिंटिंग ने 23-21, 21-19 से हराया। गिंटिंग ने पिछली बार मोमोटा को गत महीने जकार्ता में आयोजित एशियाई खेलों में हराया था।

31. लंदन में आयोजित बेस्ट फीफा फुटबॉल अवॉर्ड्स में विश्व के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने गए क्रोएशिया के फुटबॉलर--**लुका मॉड्रिक।**
**नोट:** उन्होंने पुरस्कार के लिए पूर्व टीम के साथी खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लिवरपूल के मोहम्मद सलाह को



FREE MOCK TEST for RRB Group D ATTEMPT NOW

हराया। ब्राजील और ऑरलैंडो प्राइड की फॉरवर्ड खिलाड़ी **मार्टा** ने सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।फ्रांस के डिडिएर डेस्चैम्प को सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच चुना गया। सलाह ने पिछले दिसंबर में एफील्ड में आयोजित प्रीमियर लीग में एवरटन के खिलाफ अपने गोल करने के प्रयास हेतु सर्वश्रेष्ठ गोल के लिए पुष्कस अवॉर्ड प्राप्त किया था।

32. रिकॉर्ड सातवीं बार एशिया कप **भारत ने** हासिल किया।

**नोट:** एशिया कप 2018 के फाइनल में, भारत ने मैच की अंतिम गेंद पर खिताब को बचाते हुए बांग्लादेश को 3 विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच: **लिटन दास,** मैन ऑफ द टूर्नामेंट: **शिखर धवन**

| **स्थान** | **टीम** | **स्वर्ण** | **रजत** | **कांस्य** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चीन | 132 | 92 | 65 | 289 |
| 2. | जापान | 75 | 56 | 74 | 205 |
| 3. | कोरिया गण्राज्य | 49 | 58 | 70 | 177 |
| 4. | इंडोनेशिया | 31 | 24 | 43 | 98 |
| 5. | उजबेकिस्तान | 21 | 24 | 25 | 70 |
| 6. | ईरान | 20 | 20 | 22 | 62 |
| 7. | चीनी ताइपे | 17 | 19 | 31 | 67 |
| **8.** | **भारत** | **15** | **24** | **30** | **69** |

-------------0-------------



FREE MOCK TEST for RRB Group D ATTEMPT NOW

TestSeries

**एस.एस.सी सी.जी.एल, सी.पी.ओ एवं आर.आर.बी ग्रूप डी ए.एल.पी/ तकनीशियन, आर.पी.एफ एस.आई/कांस्टेबल एवं राज्य परीक्षाएं**

- नवीनतम परीक्षा पैटर्न के आधार पर
- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है
- ऑल इंडिया रैंक और प्रदर्शन विश्लेषण
- समाधानों का विस्तृत विवरण
- वेब और मोबाइल पर उपलब्ध है

GET IT ON Google Play




www.gradeup.co